राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -105 रायपुर मंगलवार 16 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2081 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू

डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25




सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले की जांच करेगी मुंबई क्राइम ब्रांच




मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 6 करोड़ से ज्यादा का सोना, 3 तस्कर हुए गिरफ्तार

## राम मंदिर हमारे लिए आस्था का विषय, विपक्ष ने बनाया राजनीति का हथियार' : मोदी

**एजेंसी।** पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए राम मंदिर आस्था का प्रतीक है। जब मुझे प्राण प्रतिष्ठा के लिए बुलाया गया तो मैंने कुछ लोगों से पूछा कि मैं ये काम राम भक्त के तौर पर करना चाहता हूं। मैंने कुछ अध्ययन भी किया, इसके बाद मैंने 11 दिन का अनुष्ठान किया, जमीन पर सोया, प्रभु राम जहां-जहां गए थे, मैं वहां गया। मैंने कंब रामायण का पाठ किया। मेरे लिए ये कोई इवेंट नहीं था, आस्था का विषय था। इस मंदिर के पीछे 500 साल का एक संघर्ष, लाखों लोगों का बलिदान, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, ASI की खुदाई, हिंदुस्तान के लोगों का धन, जिन्होंने अपने पैसे से इस मंदिर को बनवाया है, यह सरकारी खजाने से नहीं बना है।

## मोदी ने बताया 2047 का विजन, चुनाव के बाद कैसे होगा काम?

**एजेंसी।** पीएम मोदी ने कहा कि ÷ज्यादातर सरकारों का स्वभाव होता है कि उन्हें लगता है कि मैंने तो सबकुछ कर लिया है। मैं इसे नहीं मानता हूं। मैं ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास करता हूं फिर भी मुझे लगता है कि और अधिक करने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि जो हुआ वह ट्रेलर है और मैं और अधिक करना चाहता हूं।÷

**15 लाख लोगों से मांगा सुझाव**

अपने 2047 के विजन के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ÷जब मैं सीएम था उस समय भी मैं 100 दिन का प्लान करता था। मैं चुनाव में जाने से पहले ही प्लान करना शुरू कर देता हूं। मैं पिछले दो सालों से 2047 को ध्यान में रखकर काम कर रहा हूं। इसके लिए देश भर में लोगों के ओपिनियन मांगे, जिसमें 15 लाख लोगों से सुझाव मांगे। सभी ने इनपुट भेजा, फिर एआई के इस्तेमाल से मैंने विजन बनाया।

# कांग्रेस ने देश विरोधी गतिविधि को अंजाम देने वालों के साथ मिलाया हाथ





**एजेंसी।** मोदी ने आज केरल के पलक्कड़ में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी आड़े-हाथों लिया।

पीएम मोदी ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहा,÷कांग्रेस के एक बड़े नेता को उत्तर प्रदेश में अपनी खानदानी (पारिवारिक) सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने केरल में इपना नया ठिकाना बना लिया है।

**'कांग्रेस ने देश विरोधी गतिविधि को अंजाम देने वालों के साथ मिलाया हाथ'**

पीएम मोदी ने आगे कहा, कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए उस संगठन से पॉलीटिकल बैकडोर से समझौता किया है, जिसे देश विरोधी गतिविधि के लिए बैन किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कॉर्पोरिटव बैंक के पैसे लूटे हैं। उन लोगों ने इस बार में एक शब्द कहा है क्या। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कांग्रेस के युवराज केरल के लोगों से वोट तो मांगेगे लेकिन आपके हक में आपके मुद्दों पर एक शब्द भी नहीं बोलेंगे।

### राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की ईसी अफसरों ने की जांच

तिरुवनंतपुरम. इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की जांच की। तमिलनाडु के नीलगिरि में फ्लाइंग स्क्वॉड के अधिकारियों ने यह छानबीन की। इस छानबीन के बारे में और डिटेल अभी सामने नहीं आई है।

# चुनावी बॉन्ड का उद्देश्य कालेधन पर अंकुश लगाना था, विपक्षी दलों ने फैलाया झूठ

## मोदी ने ईडी की तारीफ चुनावी बॉन्ड और काले धन पर विपक्ष को घेरा

**लोकशक्ति संवाददाता।**

लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एएनआई को इंटरव्यू दिया है। इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों पर खुलकर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में तुलना कीजिए, हमारे प्रयास में कमी नहीं रही होगी। हमने दो साल तक कोविड से लड़ाई लड़ी, फिर भी चाहे स्पीड कहिए, स्केल कहिए, सर्वांगीण विकास कहिए हर पैमाने पर हम खरे उतरे। पीएम मोदी ने इंटरव्यू में विपक्षी दलों पर चुनावी बॉन्ड योजना पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना का उद्देश्य चुनावों में काले धन पर अंकुश लगाना था।

### सभी ने की थी तारीफ

इंटरव्यू में इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर लग रहे आरोपों पर पीएम मोदी ने कहा कि देश में काले धन का मुद्दा लंबे समय से चल रहा है। सब पार्टियां इस पर बात करती हैं, पार्टियों के लिए पैसे लोगों से लेने पड़ते हैं, ऐसे में मेरे मन में विचार आया कि कैसे ऐसा काम किया जाए, जिससे काले धन से मुक्ति मिले। जब इलेक्टोरल बॉन्ड आया था तो सभी ने तारीफकी थी, अब ऐसा कर रहे हैं।



### कैश के जरिए कालेधन पर लगाई थी लगाम -पीएम मोदी

पीएम ने कहा है कि काले धन से निपटने की कोशिशों के तहत हमारी सरकार ने 1000 और 2000 रुपये के करेंसी नोटों को बंद करने का फैसला लिया था। चुनाव के दौरान बड़ी मात्रा में ये नोट ले जाए गए। हमने ये कदम इसलिए उठाया, ताकि काला धन खत्म हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक दलों को पहले 20,000 रुपये तक कैश डोनेशन लेने की परमिशन थी। बाद में इसे बदलकर 2500 रुपये कर दिया, क्योंकि हम नहीं चाहते थे कि कैश बिजनेस जारी रहे।

### समस्याओं से मुक्ति के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया

पीएम मोदी ने इंटरव्यू में कहा, पहले हमने हजार दो हजार के नोट खत्म किए, क्योंकि हमें काला धन खत्म करना था। इसलिए, हमने पहले 20 हजार रुपये नकद की सीमा को ढाई हजार किया। अब आया चेक से पैसे लेने का सवाल, तो व्यापारियों ने कहा कि भाई अगर हम ऐसे विपक्ष को पैसे देंगे तो सरकार को पता चल जाएगा। यह बीजेपी ने खुद झेला भी है, क्योंकि हमारा नियम था हम चेक से पैसे लेते थे। इन सब समस्याओं से मुक्ति के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया था, ताकि मनी ट्रेल का पता चल सके। मेरी चिंता यह है कि मैं कभी नहीं कहता कि निर्णय लेने में कोई कमी नहीं है। निर्णय लेने में, हम सीखते हैं और सुधार करते हैं। इसमें भी सुधार के लिए बहुत संभवना है।

लेकिन आज हमने देश को पूरी तरह से कालेधन की ओर धकेल दिया है इसीलिए मैं कहता हूं कि हर किसी को इसका पछतावा होगा।

### 'हार के बहाने ढूंढते हैं'

केंद्रीय एजेंसियों पर सरकार के नियंत्रण पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ईडी और सीबीआई का एक भी कानून हमारी सरकार ने नहीं बनाया। हमने तो चुनाव आयोग में भी सुधार किया। पहले तो प्रधानमंत्री एक फाइल पर साइन कर देते थे और चुनाव आयोग बन जाता था, अब हम विपक्ष के भी एक नेता को रखते हैं। उनके समय तो ऐसे चुनाव आयुक्त होते थे जो उनकी पार्टी से राज्यसभा सदस्य तक बने। यह हार के बहाने ढूंढते हैं, कभी ईवीएम की बात करेंगे भी चुनाव आयोग की।

### कांग्रेस और एलडीएम ने किया भ्रष्टाचार

मछुआरों की आजीविका, जिसे एलडीएफ और यूडीएफ ने पिछले कुछ वर्षों में बर्बाद कर दिया है, अब हम उसको आगे बढ़ाएंगे। हम मछली पकड़ने के उत्पादन और प्रसंस्करण के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। कांग्रेस और एलडीएफने केरल राज्य को बुरी तरह से लूटा है। असंख्य घोटालों में शामिल और सोने के तस्करों को बचाने वाले कभी आपकी रक्षा नहीं कर सकते। केरल को भ्रष्ट सरकारों के चंगुल से खुद को बचाने की जरूरत है।

### केरल में पर्यटन की संभावनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केरल पर्यटन में काफी संभावनाएं हैं। हम वैश्विक पर्यटकों को अपनी 'विरासत' से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी 'विरासत' को विश्व विरासत के पैमाने पर ले जाने का संकल्प लेते हैं। भाजपा बड़े पर्यटन स्थलों का समग्र विकास सुनिश्चित करेगी। हम केरल में इको-टूरिज्म के नए केंद्र स्थापित करेंगे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा प्रदान करने का निर्णय लिया है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी लगभग 10 करोड़ महिलाओं को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी।**



### कांग्रेस और लेफ्ट में कोई अंतर नही

आज देश में कांग्रेस और लेफ्ट में कोई अंतर नहीं बचा है। लेफ्ट और कांग्रेस, दोनों का बस नाम ही बचा है। दोनों को देश ने रिजेक्ट कर दिया है। कांग्रेस-लेफ्ट दोनों विकास विरोधी हैं। कांग्रेस-लेफ्ट दोनों ही भ्रष्टाचार में एक दूसरे का मुकबला करते हैं। कांग्रेस-लेफ्ट का ट्रैक रिकॉर्ड विकास के लिए जरूरी इंडस्ट्री को तबाह करने का है। दोनों की जहां सरकार रह जाती है, उस राज्य को बर्बाद कर देते हैं।



### अमित मालवीय ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना, बोले-

## ममता ने हिंदुओं को दंगाई बताया

एजेंसी

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी प्रचार तेज कर दिया गया है। अलग-अलग दलों के नेताओं द्वारा कई राज्यों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच चुनाव प्रचार करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कूचबिहार पहुंची।**

इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और टीएमसी को मतदान करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभिषेक को कल एक मीटिंग में जाना था। हैलीपैड में इनकम टैक्स बाबू पहुंच गया। हेलीकॉप्टर में सोना का पैसा लगाया है। मैं कहूंगी कि हम ऐसा नहीं करते हैं, बल्कि भाजपा ऐसा करती है। वे (केंद्र सरकार) बीएसएफ और सीआईएसएफ उन्हें लाते हैं। ममता बनर्जी ने यहां कहा कि युवा पीढ़ी आगे आएं, देश को बचाएं, वरना मोदी सबकुछ खा जाएगा। वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेता अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। दरअसल उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट शेयर, किया जिसमें ममता बनर्जी के चुनाव प्रचार का एक वीडियो है।

# कोई मां-बेटी से छेड़छाड़ करे तो उल्टा लटका दिया जाता है : योगी

### बिहार और यूपी का चोली-दामन वाला साथ : योगी

**संवाददाता।**

बिहार में UP के CM योगी आदित्यनाथ की दहाड़बिहार का चितौड़गढ़ कहे जाने वाले औरंगाबाद में आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार करने पहुंचे। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रचार को तेज कर दिया गया है। ऐसे में सीएम योगी आदित्यनात भाजपा के स्टार प्रचारकों और फायर ब्रांड नेताओं मे से एक हैं। इस कारण चुनाव प्रचार करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में सीएम योगी बिहार के औरंगाबाद जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस के लोग मंदिर का निर्माण करते हैं। आपको राशन दे पाते हैं। यह तो खुद खात जाते थे, राजद के समय बिहार को पहचान का संकट हो गया था. सीएम योगी ने अपने भाषण में कहा कि यह चुनाव नेशन फर्स्ट बनाम फैमिल फर्स्ट का हो गया है। बिहार में तो लालू जी के परिवार को ही सीट कम पड़ रही थी। आपने देखा होगा कि विकास हुआ तो एक ही परिवार का, सीटें मिलीं तो एक ही परिवार को, एक परिवार यहां है और एक परिवार यूपी में भी है। यूपी की जनता पहले ही उन्हें जवाब दे चुकी है और अब बिहार की जनता को भी जवाब देने के लिए तैयार होना चाहिए। इसलिए मैं आपके पास आया हूं। उन्होंने कहा कि बिहार यूपी का संबध चोली दामन का है। जो कभी अलग नहीं होने वाला है। हमलोग पहले माता सीता का नाम लेते हैं, तब हमलोग राम बोलेत हैं।

### बिहार से विपक्ष पर बरसे सीएम योगी -

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में गुंडो का इलाज अच्छे से हो रहा है। किसी मां, बेटी या व्यापारी से कोई छेड़छाड़ करे तो उसे उल्टा लटका दिया जाता है। नीचे से मिर्च का झोंका अलग से, पिर गले में तख्ती लटकाकर चलते हैं और कहते हैं कि एक बार जान बख्श दो, आगे गलती नहीं होगी। उन्होंने कहा कि एक तरफहमने श्रद्धालुओं के लिए राम मंदिर बनवाया तो वहीं माफियाओं और अपराधियों को राम नाम सत्य की यात्रा पर भी भेजने का काम किया। 4 करोड़ लोगों को पीएम आवास योजना के तहत पक्का मकान दिया गया, हम तो लालू जी से कहेंगे कि आप संख्या बढ़ाईए, मोदी जी फ्री में मकान तो दे ही रहे हैं।



### भूपेश बघेल की भाभी हुईं बीजेपी में शामिल

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के परिवार से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजदूगी में सीमा बघेल ने पार्टी की सदस्यता ली है। बता दें कि भूपेश बघेल की भाभी के बीजेपी में शामिल होने की वजह पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सभी नेताओं को बीजेपी में प्रवेश करने पर बहुत-बहुत बधाई। पूर्व सीएम बघेल की भाभी भी आज बीजेपी में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज जो देश के लिए सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर साथ चलते हैं उसके लिए नरेन्द्र मोदी जरूरी हैं।

**तमिलनाडु** I.N.D.I.A. गठबंधन पर बरसे पीएम मोदी

# 'कांग्रेस और DMK को तमिल संस्कृति से नफरत'

**एजेंसी।** सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस और राज्य में सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (DMK) पर जोरदार हमला बोला। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को सौंपने पर दोनों पार्टियों ने तमिलनाडु के लोगों को अंधेरे में रखा। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि लोग बीजेपी के संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' कार्ड के रूप में देख रहे हैं, जिसमें 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज, किसान समृद्धि केंद्रों का विस्तार और भारत को खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में स्थापित करने का वादा किया गया है। पीएम मोदी ने तमिलनाडु के विकास के लिए हृष्ठ सरकार के कामकाज की झलकियां भी शेयर की। उन्होंने कहा, ÷तिरुनेलवेली से चेन्नई तक 'वंदे भारत एक्सप्रेस' जैसी पहल ने सुविधा बढ़ाई है और प्रगति को गति दी है। अब, बीजेपी के घोषणापत्र में दक्षिण में भी बुलेट ट्रेनों की शुरुआत के साथ इस प्रगति को बढ़ाने का वादा किया गया है। तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद इसका सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा।÷ - पीएम मोदी ने कहा कि कच्चातिवु द्विप को लेकर श्रीलंका को सौंपने पर DMK-कांग्रेस ने तमिलनाडु के लोगों को अंधेरे में रखा। बता दें कि 1 अप्रैल को जयशंकर ने दावा किया था कि कांग्रेस के (तत्कालीन) प्रधानमंत्रियों ने कच्चातिवु द्वीप को लेकर ऐसी उदासीनता दिखायी जैसे उन्हें कोई परवाह ही नहीं हो और (तत्कालीन प्रधानमंत्रियों ने) भारतीय मछुआरों के अधिकारों को छोड़ दिया, जबकि कानूनी राय इसके खिलाफथी।

- पीएम मोदी ने कहा कि DMK ने एमजी रामचंद्रन की विरासत का अपमान किया। उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा में जे जयललिता के साथ बुरा व्यवहार किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और DMK को तमिल संस्कृति से नफरत है और 'सेंगोल' प्रकरण में यह साबित हो गया है।





### सिडनी में एक बार फिर चाकूबाजी, चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान शख्स ने बिशप को चाकू से गोदा

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इस बार सिडनी के चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान एक शख्स ने बिशप पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए हैं। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक शख्स प्रार्थना के दौरान ही बिशप पर चाकू से हमला करता नजर आता है। इस हमले में बिशप समेत कई अन्य लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाकूबाजी की घटना को लेकर सिडनी के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमले के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के बयान पर कसा तंज,

# राहुल गांधी पढ़ते ही नहीं है, उन्हें कोई लिख कर देता है



**एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस का कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा है। देवेंद्र फड़णवीस ने कहा राहुल गांधी पढ़ते ही नहीं है, उन्हें कोई लिख कर देता है। लोकतंत्र पर फिर सफाई देते हुए कहा लोकतंत्र को कोई खत्म नहीं कर सकता है। जानकारी दे दें कि हाल ही में राहुल गांधी ने बीजेपी के संकल्प पत्र को जुमला बताया था और कहा था कि रोजगार और बेरोजगारी मुद्दा उनके संकल्प पत्र से गायब है। इसी को लेकर अब देवेंद्र फड़णवीस ने राहुल गांधी पर तंज कसा है।

**राहुल गांधी पर कसा तंज -**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संकल्प पत्र के संबंध में दिए गए उनके वक्तव्य पर टिप्पणी करते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि,वो राहुल गांधी को दोषी नहीं मानते, क्योंकि राहुल गांधी पढ़ते नहीं हैं, इसलिए संकल्प पत्र में क्या आया है उनको पता नहीं है, किस तरीके से लोगों को फायदा होगा यह तमाम चीज संकल्प यात्रा में जिक्र किया गया है, राहुल गांधी यदि संकल्प यात्रा को पढ़ लेते तो वो उनको जवाब भी दे सकते थे।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# रायपुर लोकसभा में 8 लाख से अधिक वाटों की लीड से जीतना है : विष्णुदेव साय

रायपुर संवाददाता।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नामांकन रैली सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह लोकसभा का चुनाव बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। यह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्षों से लगातार देश की सेवा कर रहे हैं और यह गांव गरीब किसान मजदूर सब की चिंता करने वाले हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए काम कर रहे हैं। इसलिए हमें भी केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से अपराजेय योध्दा बृजमोहन अग्रवाल 8 लाख से अधिक वोटों से जिताना है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने सत्ता सौंपी थी लेकिन कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और घोटालों के नये रिकॉर्ड बनाए हैं। भ्रष्टाचार में इनका साथ देने वाले कई अधिकारी और साथी जेल में है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है, इसलिए कई कांग्रेसी पार्टी को छोड़कर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस डूबते जहाज को हमें लोकसभा चुनाव में पूरी तरह डुबोना है। 'मोदी की गारंटी' में जो भी वादे किए थे सभी वादे लगातार पूरे होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में कमल खिलाकर देश में मोदी की सरकार बनानी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास करेगी।





भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने 23 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है, उसी तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भी हमें सारे रिकॉर्ड तोड़ने हैं। रायपुर से यह संदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाना चाहिए की छत्तीसगढ़ की 11 में से सभी 11 लोकसभा सीटें विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हम जीत रहे हैं। घर-घर जाकर जनता को और अपने परिवार के हर सदस्य को बताना है कि कमल का बटन दबाना है। 7 मई को कमल पर ऐसे बटन दबाना है कि 04 जून को जब नतीजे खुलें तो उसमें कमल फूल ही निकले। कमल का फूल निकलेगा, बीजेपी जीतेगी, मां लक्ष्मी प्रसन्न होगी और छत्तीसगढ़ का विकास होगा।

रायपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की नामांकन रैली जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से निकलकर शहर के मुख्य मार्गों जयस्तंभ चैक, शारदा चैक से तात्यापारा होते हुए सत्ती बाजार, सदर बाजार, मालवीय रोड, से पुनः जयस्तंभ चैक होते हुए घड़ी चैक पहुंची। जगह-जगह शहर में स्वागत मंच बनाकर नामांकन रैली पर पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

## हनुमान चालीसा महापाठ के लिए शोभायात्रा 15 को

रायपुर । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान चालीसा महापाठ और पंडित विजय शंकर मेहता का व्याख्यान रामनवमीं पर स्पोट्‌र्स कॉम्पलेक्स मैदान, बूढ़ापारा में रखा गया है। महापाठ के प्रचार प्रसार के लिए 15 अप्रैल को एक भव्य शोभायात्रा बूढ़ेश्वर मंदिर चौक से शाम पांच बजे निकाली जाएगी। हनुमान महापाठ समिति के रायपुर शहर के संयोजक विजय अग्रवाल समेत शिवनारायण मूंधड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह, योगी अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी अमित डोये व शोभायात्रा प्रभारी दिलीप गंगवानी ने बताया कि इस यात्रा में हनुमान जी की मूर्ति के साथ एक सुसज्जित रथ होगा। साथ ही एक निश्चित ड्रेस कोड में हनुमान भक्त दोपहिया वाहनों में रहेंगे। केसरिया धर्म ध्वजा धारण किए भक्त पूरे रास्ते हनुमान जी का जयकारा लगाते चलेंगे। शोभायात्रा बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मन्दिर से पुरानी बस्ती पुलिस थाना,कंकाली तालाब, तात्यापारा चौक, जवाहर नगर, रामसागर पारा होते हुए राठौड़ चौक के हनुमान मंदिर में विसर्जित होगी। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा आरती उतारकर, पुष्प वर्षा कर और हनुमान भक्तों के लिए ठंडे पेयजल, मिठाई आदि की व्यवस्था की जाएगी।

# झूठे लोगो को सबक सिखाना है : अरुण साव



## मोदी है तो विकास, विश्वास, सुरक्षा की गारंटी है : किरण सिंह देव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा इंदिरा गांधी के जमाने से कांग्रेस गरीबी हटाने का नारा देकर जनता को बेवकूफ बना रही है अब राहुल गांधी ने फिर एक झटके में गरीबी हटाने की बात की है झूठ का कारोबार करने वाली ऐसी कांग्रेस को सबक सिखाना है कांग्रेस के पास न ट्रैक रिकार्ड है न आगे का विजन है , न नेतृत्व है न संगठन जबकि भाजपा के पास विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी है,उनका 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड है आने वाले 25 साल का विजन है भारत ने अब मोदी नेतृत्व में आर्थिक महाशक्ति बनने का निर्णय ले लिया है।हम सभी को हर देशवासी की तरह कमल के बटन को दबाकर मोदी को मजबूत करना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 वर्षों से लगातार काम कर रहे हैं। ÷मोदी है तो विकास की गारंटी है,÷ ÷मोदी है तो विश्वास की गारंटी है÷ ÷मोदी है तो सुरक्षा की गारंटी है÷ और ÷मोदी है तो गारंटी पूरी होने की गारंटी है÷। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही। जनता ने कांग्रेस को प्रदेश की बागडोर सौंपी थी लेकिन कांग्रेस पार्टी ने तो इन 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और घोटालों के रिकॉर्ड बना डाले। कांग्रेस सरकार जनता की खून पसीने की गाढ़ी कमाई पर डाका डालकर अपना जेब भरने का काम किया। इसलिए 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करते हुए भाजपा के हाथों फिर से सत्ता की बागडोर सौंप दी। किरण सिंह देव ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने 90 दिनों में ही मोदी की गारंटी में किए अधिकांश वादों को पूरा करके दिखाया है। आज प्रदेश की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा सबके लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह रायपुर लोकसभा की नामांकन रैली नहीं बल्कि भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की विजय रैली है। प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है।

# भाजपा का संकल्प पत्र जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास का सुनहरा दस्तावेज : विकास मरकाम

रायपुर (संवाददाता)।

**भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने भाजपा के संकल्प पत्र को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव ही आदिवासियों के विकास को प्राथमिकता दी है। वंचितों को वरीयता और अंत्योदय जैसे मूल्य हमारे ÷सबका साथ सबका विकास÷ मूलमंत्र का मार्गदर्शन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी जनजातीय समाज के जीवन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले 10 वर्षों में हमने इसके कई उदाहरण देखें। आज जनजातीय समाज आत्मविश्वास से परिपूर्ण है वो न केवल विकास की मुख्यधारा का के वाहक बने बल्कि देश के सर्वोच्च पदों पर सुशोभित भी हुए।**

भाजपा के संकल्पपत्र में वर्ष 2025 को (भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती) जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करने का संकल्प लिया गया है जो जनजातीय समाज द्वारा राष्ट्रनिर्माण और विकास में दिए गए योगदानों को बड़ा सम्मान है। जनजातीय बच्चों में कुपोषण की समस्या को समाप्त करने के लिए एवं सिकल सेल उन्मूलन का संकल्प लिया गया है। जनजाति विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया है जिसमें जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के लिए फंड बढ़ाया जाएगा। आदिवासियों की भाषाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण किया जाएगा। डिजिटल जनजातीय कला अकादमी की स्थापना की जाएगी। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का संवर्धन एवं प्रसार किया जाएगा। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय की स्थापना की जाएगी ताकि जनजातीय सेनानियों की बलिदान को जीवंत रखा जा सके।

## लोकसभा का यह चुनाव जीत के लिए नहीं रिकॉर्ड बनाने के लिए हो रहा है : विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव जीत के लिए नहीं रिकॉर्ड बनने के लिए हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद हर काम तेजी से हो रहा है। किसान, मजदूर, महिलाएं, सबके लिए काम हो रहे है। मोदी सरकार वह सरकार है जिसके आने से भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ये वह सरकार है जिसने नॉर्थ ईस्ट में पूरी व्यवस्था को सुधार करके दिखा दिया है। पहले आतंकी कहते थे कि जेल में जाएंगे तो बिरयानी खाने को मिलेगा लेकिन अब वह समय चला गया है। 500 साल के बाद भारतीय जन चेतना के प्रतीक भगवान राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बन चुका है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से संभव हुआ है।

## भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का गारंटी पत्र है : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर (वीएनएस)। रायपुर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने पार्टी के संकल्प पत्र को देश और देशवासियों के हित में बताया है। उन्होंने कहा है कि इस संकल्प पत्र में गरीबों महिलाओं युवाओं और किसानों को आत्म निर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि रविवार को भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जो मोदी की गारंटी के नाम से जारी किया है जिसमें गरीबों अन्नदाताओं युवाओं और किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है। आज के संकल्प पत्र विकसित भारत 2047 की दिशा में कार्य करने की तैयारी है। मैं इस संकल्प पत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और समिति के अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि इसके जरिए आने वाले पांच साल में फ्री राशन की योजना जारी रहेगी। 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। चाहें फिर वो किसी वर्ग का हो। 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, ट्रांसजेंडर साथियों को भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया है। 3 करोड़ बहनों को लखपति बीवी बनाने की गारंटी ली है। पीएम किसान सम्मान निधि आगे जारी रहेगी। देश में डेयरी सहकारिता समिति की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर के लिए किसानों की मदद करेंगे। नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। डिजिटल जनजाति कला अकादमी की स्थापना की जाएगी। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों को बनाया जाएगा।

# जग्गी हत्याकांड के दो दोषियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

**रायपुर** रामावतार जग्गी हत्याकांड के 2 दोषियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। सोमवार को रायपुर में विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में शूटर चिमन सिंह और विनोद राठौड़ ने सरेंडर कर दिया है। हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को 27 दोषियों की अपील खारिज कर दी थी और इनकी सजा बरक़रार रखी थी। लेकिन इनमें से 5 को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है।



अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इन दोषियों को सरेंडर के लिए 3 सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया था। जिनमें क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे आरसी त्रिवेदी, तत्कालीन मौदहापारा थाना प्रभारी वीके पांडे, सीएसपी कोतवाली अमरीक सिंह गिल, सूर्यकांत तिवारी सहित मेयर एजाज ढेबर के भाई याहया ढेबर के नाम शामिल हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच ने लोअर कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी। 28 दोषियों में से एक दोषी विक्रम शर्मा उर्फ बुलटू पाठक की मौत हो चुकी है।

एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड में दोषी अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, राकेश चंद्र त्रिवेदी, अवनीश सिंह लल्लन, सूर्यकांत तिवारी, अमरीक सिंह गिल, चिमन सिंह, सुनील गुप्ता, राजू भदौरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौर, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, (मृत) विक्रम शर्मा, जबवंत, विश्वनाथ राजभर की ओर से अपील दायर की गई थी। रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी रायपुर कोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि, 10 और 11 तारीख के बीच में इन सभी दोषियों को सरेंडर करना था। मुझे आज खबर मिली कि, 15 तारीख को 11 बजे सभी सरेंडर करेंगे। इसलिए मैं अपने वकीलों के साथ यहां पहुंचा हूं और कोर्ट का 5 बजे तक का समय है। अगर सब नहीं आते तो कोर्ट क्या निर्णय लेगा या देखने वाली बात होगी।

सुप्रीम कोर्ट से 5 दोषियों को राहत मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, मैंने अभी ऑर्डर नहीं पढ़ा है। लेकिन इस केस में किसी को राहत मिले, मैं यह नहीं मानता, हां मोहलत मिल सकती है। कुछ दिनों के लिए, कुछ कारणों से मोहलत मिल सकती है। लेकिन राहत किसी को इस केस में नहीं मिल सकती यह मुझे पूरा विश्वास है।

### अमित जोगी को लेकर जाऊंगा सुप्रीम कोर्ट


पूर्व सीएम रहे अजित जोगी के बेटे और जेसीसीजे के मुखिया अमित जोगी को स्टे मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, उन्हें स्टे नहीं मिला है, स्टे मैंने लिया है। मैं सुप्रीम कोर्ट के शरण में जल्द से जल्द जाऊंगा। जैसे सारे अभियुक्तों पर प्रकरण चलाए गए हैं, वैसे ही अमित जोगी पर भी प्रकरण चलेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि, मुझे जल्द से जल्द न्याय मिलेगा।

# तेलीबांधा-छेरीखेड़ी मार्ग का होगा सौंदर्यीकरण

## एनएचएआई-बिल्डरों को साथ स्वागत द्वार बनाने व हरियाली लाने बनाई गई रूपरेखा

रायपुर ( कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने शहर के सभी 7 प्रवेश द्वारों को सुंदर बनाने की योजना अनुसार सोमवार सुबह तेलीबांधा चौक से लेकर छेरीखेड़ी मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग में जगह-जगह खड़े होकर उन जगहों पर क्या किया जा सकता है के लिए योजना बनाई।

निगम कमिश्नर मिश्रा के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग अथार्टी के प्रवीण कुमार, अपर आयुक्त विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर सन्तोष पांडे, जोन क्रमांक 6 के जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, निगम के अन्य अधिकारियों के साथ बिल्डर आनन्द सिंघानिया तथा अन्य बिल्डर भी मौजूद थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगम द्वारा कोई विकास कार्य करने पर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा रोक टोक लगाई जाती है या फिर कार्य करने ही नहीं दिया जाता है। इसी वजह से कार्य को मिलजुल कर करने हेतु राजमार्ग विभाग के साथ संयुक्त रूप से योजना बनाकर कार्य करने की योजना बनाई गई। इस मार्ग में एक जगह स्वागत द्वार बनाने पर भी विचार किया। जिससे रायपुर आने वाले नागरिकों को महसूस हो कि वे रायपुर शहर के भीतर प्रवेश कर चुके हैं। साथ ही रायपुर शहर की सीमा से निकलने का भी द्वार वहीं पर सड़क की दूसरी ओर बनाया जाएगा। सड़क के दोनों किनारे लैंड स्केपिंग करने तथा पेड़ लगाने पर भी चर्चा की गई। सड़क के किनारे कई जगह ऐसी जगह भी हैं जिनकी दूरी 200 से 300 मीटर हैं, वहां पेड़



पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण किया जा सकता हैं। ऐसी जगहों का सर्वे करने के लिए कहा गया है। राजमार्ग विभाग के कुमार ने कहा कि इस सब कार्यों की ब्लू प्रिंट तैयार कर कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। बिल्डरों ने भी अपने सुझाव रखे। निगम कमिश्नर मिश्रा ने पूरे मार्ग पर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सबका साथ सबका विकास कबीर दास के आदर्शो का प्रतिबिंब : बृजमोहन

**रायपुर** निर्गुण भक्ति और सामाजिक सुधार के प्रणेता संत कबीर दास का जीवन सादगी और त्याग से भरा था। वे जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभावों के कट्टर विरोधी थे। उनके आदर्शो पर चलकर एक सभ्य समाज की स्थापना की जा सकती है। यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को आरंग स्थित ग्राम परसकोल में विश्व की सबसे विशाल 41 फीट ऊंची संत कबीर दास की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान कही।

सभा को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कबीर दास सामाजिक बुराइयों के खिलाफ थे उन्होंने स्त्री शिक्षा और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। उनका मानना था कि सभी मनुष्य समान हैं और उन्हें समान अधिकार मिलने चाहिए। भाजपा सरकार भी कबीर साहेब जी के बताए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। महतारी वंदन, किसान समृद्धि, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, 35 किलो मुफ्त राशन समेत सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति-धर्म के आधार पर सभी लोगों को मिल रहा है।

### उच्च न्यायालय बिलासपुर में मनायी गई अम्बेडकर जयंती

**रायपुर** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में भारतीय संविधान के जनक, भारत रत्न, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती मनायी गई। न्यायमूर्ति श्री संजय के. अग्रवाल ने उच्च न्यायालय परिसर में स्थापित डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किये। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन व दिशा-निर्देशन में आयोजित किए गए इस समारोह में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण और कर्मचारीगण शामिल हुए। गौरतलब है कि इसी वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा किया गया था।

### अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट : रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम पहुंची सेमीफाइनल



**रायपुर** रायपुर के सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 14 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं श्रम विभाग के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 187 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और सेमी फाइनल में जगह बनाई। श्रम विभाग की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 120 रन ही बना सकी जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी के बल्लेबाज श्रवण कुमार ने 105 रन की बेहतरीन पारी खेली जिन्हें आज के मैच में मैन ऑफद मैच से सम्मानित किया गया। यह मैच कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप ने खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

# बृजमोहन ने भरा नामांकन, रिकॉर्ड मतों से जिताएगी जनता



**रायपुर** कैबिनेट मंत्री व भाजपा के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार अपने नामांकन का पहला सेट दाखिल किया। उन्होंने कहा कि, जनता से मैंने आह्वान किया है कि, जिस तरह से विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड वोट से जिताया है। बृजमोहन ने पहले अपने परिवार का आशीर्वाद लिया और शुभ मुहूर्त में नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कितने वोटो से चुनाव जितना है इसका टारगेट जनता तय करेगी। जनता से मैंने आह्वान किया है कि, जिस तरह से विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड वोट से जिताया है। वैसे ही रिकॉर्ड वोटो से लोकसभा में भी जिताये। आज दोपहर को शक्ति प्रदर्शन के साथ वे दूसरे सेट का नामांकन दाखिल करेंगे। जहां सूबे के सीएम विष्णुदेव साय और अन्य मंत्री गण भी होंगे शामिल। वहीं नामांकन के पहले एक बड़ी सभा का आयोजन किया जायेगा।

### विजय बघेल ने भी भरा नामांकन

वहीं दुर्ग लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल ने भी आज अपना नामांकन पत्र जमा किया है। वे अधिवक्ता शौरभ चौबे के साथ नामांकन कार्यालय पहुंचे। जहां अपने पांचों प्रस्तावकों दीपक ताराचंद साहू, विजय साहू, पोषण वर्मा, सौरभ बघेल और शारदा गुप्ता के साथ निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा चौधरी के पास अपना नामांकन जमा किया।

### युवा कांग्रेस के नेता जयेश तिवारी ने दल-बल के साथ भाजपा प्रवेश किया

रायपुर भाजयुमो रायपुर जिला अध्यक्ष गोविंद गुप्ता के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के नेता जयेश तिवारी ने अपने 100 साथियों के साथ भाजपा प्रवेश किया।कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, पूर्व विधायक देवजी पटेल ने भाजपा के पटका पहना के सबका स्वागत किया। बृजमोहन अग्रवाल ने युवा कांग्रेस के नेता जयेश तिवारी का भाजपा में स्वागत किया और भाजपा की रीति नीति संगठन की पद्धति से अवगत करवाया। पार्टी के लिए समर्पण भाजपा के द्वारा किये हुए काम विकास को बताया और शुभकामनाएं प्रेषित की। जयेश तिवारी ने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्व से प्रभावित हो कर आज दल बल के साथ मैंने भाजपा प्रवेश किया। भाजपा की नीति देश के प्रति समर्पण से प्रभावित हो कर आज सही जगह आया हूँ। पूरे तन मन से पार्टी की सेवा व जनता के विश्वास जो भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर उसको बरकरार रखूंगा। रायपुर लोकसभा में अपनी अहम भूमिका निभाउंगा और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को सर्वाधिक मतों से जिताने में भूमिका रहेगी।



# नागपुर की विख्यात ड्रग पेडलर चंदा ठाकुर दुर्ग पुलिस की गिरफ्त में

### 5 लाख का ब्राउन शुगर जप्त

दुर्ग, संवाददाता।

**जिले की पदमनाभपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर नागपुर की विख्यात ड्रग पेडलर चंदा ठाकुर सहित चार लोगों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी केंद्रीय जेल के पास स्थित केंटीन के सामने ड्रग्स बेच रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच लाख रूपये कीमत का ब्राउन शूगर जब्त किया है। मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ 21(ख), 27(क) एनडीपीएस एक्ट 2.के तहत कार्यवाही की गई है।**




मिली जानकारी के अनुसार थाना पदमनाभपुर पुलिस को दिनांक 14अप्रेल को मुखबिर से सूचना मिली कि चंदा ठाकुर निवासी नागपुर महाराष्ट्र अपने दानाद मनोज राहंगडाले व ड्राईवर यासीन शेख के साथ दुर्ग शहर आकर अवैध रूप से ग्रीन चौक निवासी प्रेम ठाकुर को ब्राउन शुगर की पुडिया बेच रही है। सूचना प्राप्त कर आरोपी द्वारा साक्ष्य मिटाने एवं फ रार होने की प्रबल संभावना पर थाना पद्मनाभपुर स्टाफ मौका स्थल केन्द्रीय जेल दुर्ग केन्टीन के पास रवाना हुआ। मौके पर पहुंचकर मुखबिर की निशादेही पर घेराबंदी कर केन्द्रीय जेल दुर्ग केन्टीन के पास खड़े हुए एक महिला एवं तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना उन्होने अपना नाम चंदा ठाकुर पति स्व. प्रदीप ठाकुर, उम्र-60 वर्ष, पता इतवारी रेल्वे स्टेशन, शाद अस्पताल के पास नागपुर, मनोज राडंगडाले पिता विसराम राहंगडाले, उम्र 36 वर्ष पता इतवारी रेल्वे स्टेशन, शाद अस्पताल के पास नागपुर, यासीन शेख पिता ननीय शेख, उम्र 36 वर्ष पता कलमना बरती, प्रतिमा लॉन के पास, भतानी आटा चक्की के पास, चित्रशाला नगर माना कलगना, जिता नागपुर तथा प्रेग ठाकुर पिता विजय ठाकुर उम्र 25 वर्ष पता रटेशन रोड़ ओवर ब्रिज के नीचे, ग्रीन चौक, रेशमा घोड़ी सौन की दुकान, थाना मोहननगर, पिता का होना बताया। जिसके बाद पुलिस की टीम द्वारा उनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अलग-अलग कुल 235 नग नीला व सफेद कागज में लपेटे हुए मादक पदा्र्थ ब्राउन शूगर की पुड़िया जिसका अंतराष्ट्रीय बाजार मूल्य 5 लाख तथा बिक्री की नगदी रकम 25 हजार रूरये व चार नग मोबाईल, एक मेहरून कलर की फि येट कार कमांक एमएच/49/यू/0994 को जप्त किया गया है।

# दलालों से रहे सावधान : आसानी से बन रहे राशन कार्ड

कोरबा, संवाददाता।

खाद्य सुरक्षा अधिकार के अंतर्गत लोगों को खाद्यान्न की सुविधा सरकार की ओर से दी जा रही है। इसमें एपीएल और बीपीएल दोनों ही श्रेणी के लोगों को शामिल किया गया है। निर्धारित प्रक्रियाओं के साथ राशन कार्ड आसानी बन रहे हैं। कहा गया है कि लोग नए राशन कार्ड बनाने से लेकर उनमें आवश्यक संशोधन के लिए प्रक्रियाओं का पालन करें और दलालों से दूर रहें। कोरबा जिले में राशन कार्ड बनाने का काम पारदर्शिता से हो रहा है। शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में जीवित राशन कार्डों के अलावा उन मामलों में जिनमें किसी कारण से लोग अब तक सुविधा से वंचित हैं, उन्हें लाभान्वित करने के लिए विकल्प खुले हुए हैं। बताया गया कि निकाय क्षेत्र में उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रपत्र के साथ आवेदन करना है। पंचायत के लिए भी यही प्रक्रिया है, केवल प्लेटफार्म अलग है। नियमों की जानकारी संबंधित स्तर से लोगों को उपलब्ध करायी जा रही है। सभी बिंदुओं पर काम होने और सत्यापन के बाद संबंधित अभ्यर्थी को राशन कार्ड जारी किये जा रहे हैं। इस मामले में और किसी प्रकार की उलझन नहीं है। सूचनाएं मिली है कि विभिन्न क्षेत्रों में राशन कार्ड बनवाने के नाम पर कई बिचैलिए सक्रिय हैं जो लोगों की जानकारी की कमी होने अथवा दूसरे कारण से उन्हें झांसा देने के साथ मोटी चपत लगा रहे हैं।

# दलालों से रहे सावधान : आसानी से बन रहे राशन कार्ड

कोरबा, (आरएनएस)।

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर करने वाले जिले के 124 सचिवों का वेतन रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास के अधूरे कामकाज को इसकी वजह बताई गई है। संबंधित क्षेत्रों में आवास का काम नहीं हो पाया है। वेतन रोक देने से सचिवों के खर्चे प्रभावित हो गए हैं और घरेलू कामकाज पर इसका असर पड़ा है।

हाल में ही एक आदेश जारी करते हुए जनपद पंचायत कोरबा, करतला, पाली, कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा से संबंधित 124 सचिवों के वेतन पर ब्रेक लगा दिया गया। यह कार्रवाई जिले से हुई। सूचनाओं में कहा गया कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति और समीक्षा को लेकर बैठक हुई थी। इस दौरान जानकारी सामने आई कि बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित स्वीकृत मामलों में काम पूरा नहीं हो सका। ग्रामीण क्षेत्र में इसकी संख्या ज्यादा है। माना गया कि जिन हाथों को काम करने की जिम्मेदारी दी गई थी उन्होंने रूचि नहीं ली और इसके कारण आवास पूरे नहीं हो सके। आदेश जारी होने से प्रभावित सचिव हैरान हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मामले में उनकी कोई भूमिका ही नहीं है। दरअसल पिछली कांग्रेस सरकार ने केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आवास योजना को गंभीरता से नहीं लिया। केंद्र के 60 प्रतिशत और राज्य के 40 प्रतिशत योगदान से योजना पर काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत इकाईयों के लिए केंद्र ने पैसा तो दिया लेकिन राज्यांश देने में छत्तीसगढ़ ने रोड़े अटकाए। इसके चलते संबंधित क्षेत्रों में योजना की किस्त जारी नहीं हो सकी। इस स्थिति में पंचायतें योजना का क्रियान्वयन करती किस तरह से। इसी के चलते आवासों का काम अधूरा रह गया। सचिवों ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी अपने संगठन के जरिए उच्च स्तर तक भिजवाई है और इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। पक्के आवास का मामला शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक असर डाल रहा है। बीते वर्षों में केंद्र की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे आवास दिए जा रहे थे। अब नई सरकार ने पक्के आवास देने पर काम किया है। ऐसे में भी नीतिगत कारणों से समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने से बड़ी संख्या में आवास अधूरे छूटे हुए हैं। लोकसभा चुनाव में यह मामला भी तूल पकड़ रहा है। ऐसे में संभव है कि कोई एक इसे भुनाएगा और दूसरा दल परेशानी झेलेगा।



# रायपुर रेल मंडल में मनाई गई अम्बेडकर जयंती

रायपुर (संवाददाता)।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वां जन्म दिवस 14 अप्रैल को अवकाश होने के कारण 15 अप्रैल को मनाया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में आयोजित कार्यक्रम मे मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की डॉ भीमराव अम्बेडकर आज भी दलितों, गरीबो एवं असहायों के मसीहा के रूप में याद किए जाते हैं । इतिहास के पन्नों मे उन्हे संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूम में याद किया जाता है । डॉ भीमराव अम्बेडकर जीवन के हर क्षेत्र - सामाजिक, आर्थिक और राजनिति में लोकतंत्र के पक्षधर थे ।

अंत में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के जन्म दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि रेल सेवा के माध्यम से हमें जो देश सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है उसे हम पूरे समर्पण, सदभावना, निष्ठा व ईमानदारी से हमारा लक्ष्य पूर्ण करना है । हम देश को समृद्ध बनाएंगे और देश की उन्नति में योगदान करेंगे ।़ अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति रेलवे एंप्लाइज एसोसिएशन के डिविजनल प्रसीडेंट भोली चौधरी एवं डिविजनल वर्किंग सचिव वाय. के. मिहूलिया, डॉ. बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जीवनी, उनसे आदर्शों शिक्षा के महत्व, संगठन एवं संघर्ष के महत्व पर चर्चा की साथ ही रायपुर रेल मंडल द्वारा डॉ.बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर किए गए आयोजन को बहुत ही सराहा और कहा कि हम सब एक परिवार के रूप में कार्य करते हैं और यहां सभी का सहयोग अतुलनीय है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कांग्रेस यूनियन के प्रतिनिधि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ओबीसी एशोसियसन के डिविजनल प्रेसिडेंट एच. प्रसाद राव एवं अन्य पदाअधिकारियों द्वारा बाबा साहेब की जीवनी के बारे में बताया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आशीष मिश्रा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी)आर. के साहू एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं यूनियन के पदाअधिकारियों सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग ने सभी की भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



### सूरजपुर से पहुंचा खतरनाक लोनर, वन विभाग हुआ सतर्क

कोरबा, 15 अप्रैल (आरएनएस)। सरगुजा क्षेत्र में तीन लोगों को हमला कर घायल कर देने वाला खतरनाक लोनर हाथी अब सूरजपुर के रास्ते जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज के धजाक गांव में पहुंच गया है। खतरनाक हाथी के जिले में आने की सूचना मिलते ही वन विभाग सर्तक हो गया है। और वन अमला द्वारा लोनर हाथी की निगरानी थर्मल ड्रोन कैमरे के जरिए शुरू कर दी गई है। लोनर की हर गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है।



वहीं केंदई रेंज के ही कोरबी बीट अंतर्गत मातिनदाई मंदिर के समीप डपिंग एरिया में घूम रहा चेतक हाथी बीती रात आगे बढकर कापा नवापारा पहुंच गया । और वहां मौजूद 22 हाथियो के दल में शामिल हो गया। जबकि 13 हाथियो का दल लालपुर क्षेत्र में विचरण रत है। यहां 18 हाथियो का दल सक्रिय था। जिसमें से पांच हाथी आज सुबह अलग हुए और बनिया क्षेत्र में जंगल का रास्ता तय करते हुए पहुंच गया है। बनिया क्षेत्र में पांच हाथियो के पहुंचने की सूचना संबंधित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई।

## संपादकीय

# सावन में मटन, नवरात्री में मांस खाने वाले किसको चिढ़ा रहे

जब प्रधानमंत्री मोदी ने उधमपुर की रैली में कांग्रेस और लेफ्ट के साथ-साथ, लालू यादव की पार्टी RJD पर भी निशाना साधा था तो मोदी ने कहा कि RJD और कांग्रेस वही पार्टी है जिन्हें लोगों की भावनाओं की ज़रा भी परवाह नहीं है, उनके नेता सावन में मटन बनाते हैं और नवरात्रि में मछली खाते हैं। इससे आपको यह बात समझनी होगी कि मोदी ने कहा कि ये बात सही है कि देश में खानपान को लेकर किसी तरह की रोक-टोक नहीं है, हर कोई अपनी पसंद का खाना खा सकता है लेकिन कुछ लोग नवरात्रि के मौके पर, सावन के दिनों में मांस-मछली खाने का वीडियो सिर्फएक वर्ग को चिढ़ाने के लिए पोस्ट करते हैं और दूसरे वर्ग को खुश करने के लिए करते हैं। उनकी मंशा गलत है। इस विवाद की शुरुआत तेजस्वी यादव के मछली खाने का वीडियो पोस्ट करने से हुई थी। तेजस्वी का कहना है कि हैलिकॉप्टर में मुकेश सहनी के साथ मछली खाने का वीडियो नवरात्रि शुरू होने से एक दिन पहले का था। इसी तरह पिछले साल सावन के महीने में राहुल गांधी और लालू यादव ने चम्पारन मटन बनाकर खाया था। तेजस्वी यादव की बात सही है कि कौन क्या खाता है, ये चुनाव का विषय नहीं हो सकता लेकिन नवरात्र के दिनों में ऐसे वीडियो दिखाकर शुरुआत किसने की?



## जिंन्दगी वतन की पहरेदार

जिंन्दगी वतन की पहरेदार हो जाए,
मौत भी आए तो कसूरवार हो जाये

मौत भी हो इतनी शानदार शहीदी,
जिंदगी भी अपने पर शर्मसार हो जाये।

ज़माने से मिले जख्मो को जीयो ऐसे
कि बहता लहू भी गुनहगार हो जाये,


तेरी मेरी  दोस्ती हो ऐसी जुदा
कि दुश्मन का वार भी प्यार हो जाये।

दोस्तों में ना हो कभी इतनी तल्ख़ी,
कि हमे दुश्मनो पे  एतबार हो जाये।

इन्सान कभी इतना ज़हरीला न हो संजीव
कि हमे साँपो से प्यार हो जाये।

सर जमीं पर लुटा दो लहू अपना,
बहता लहु भी खुशबूदार हो जाए।

**- संजीव ठाकुर**



# आदि शक्ति माँ दुर्गा के महागौरी स्वरूप की उपासन

**(पवित्र महागौरी का आठवां दिन)**

**पवित्र नवरात्री के आठवें दिन आदि शक्ति माँ दुर्गा के महागौरी स्वरूप की उपासना।**



माँ दुर्गा का अष्टम रूप महागौरी हैं। महागौरी की चार भुजाएं हैं उनकी दायीं भुजा अभय मुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में त्रिशूल शोभता है। बायीं भुजा में डमरू डम डम बज रहा है और नीचे वाली भुजा से देवी गौरी भक्तों की प्रार्थना सुनकर वरदान देती हैं। जो स्त्री इस देवी की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वयं करती हैं। कुंवारी लड़की मां की पूजा करती हैं तो उसे योग्य पति प्राप्त होता है। पुरूष जो देवी गौरी की पूजा करते हैं उनका जीवन सुखमय रहता है देवी उनके पापों को जला देती हैं और शुद्ध अंतःकरण देती हैं। मां अपने भक्तों को अक्षय आनंद और तेज प्रदान करती हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है, इसलिए ये महागौरी कहलाती हैं। नवरात्रि के अष्टम दिन इनका पूजन किया जाता है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। माँ महागौरी की आराधना से किसी प्रकार के रूप और मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सकता है। उजले वस्त्र धारण किये हुए महादेव को आनंद देवे वाली शुद्धता मूर्ती देवी महागौरी मंगलदायिनी हैं।

इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कून्द के फूल से की गयी है। इनका दाहिना ऊपरी हाथ में अभय मुद्रा में और निचले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। बांये ऊपर वाले हाथ में डमरू और बांया नीचे वाला हाथ वर की शान्त मुद्रा में है। पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि व्रियेअहं वरदं शम्भुं नान्यं देवं महेश्वरात। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार इन्होंने शिव के वरण के लिए कठोर तपस्या का संकल्प लिया था जिससे इनका शरीर काला पड़ गया था। इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जब शिव जी ने इनके शरीर को पवित्र गंगाजल से मलकर धोया तब वह विद्युत के समान अत्यन्त कांतिमान गौर हो गया, तभी से इनका नाम गौरी पड़ा।

महागौरी आदी शक्ति हैं इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाश-मान होता है इनकी शक्ति अमोघ फलदायिनी है। माँ महागौरी की अराधना से भक्तों को सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा देवी का भक्त जीवन में पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी बनता है।

दुर्गा सप्तशती में शुभ निशुम्भ से पराजित होकर गंगा के तट पर जिस देवी की प्रार्थना देवतागण कर रहे थे वह महागौरी हैं। देवी गौरी के अंश से ही कौशिकी का जन्म हुआ जिसने शुम्भ निशुम्भ के प्रकोप से देवताओं को मुक्त कराया। यह देवी गौरी शिव की पत्नी हैं यही शिवा और शाम्भवी के नाम से भी पूजित होती हैं।

**माँ महागौरी पूजा विधि**

नवरात्रे के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं।

**माँ महागौरी की कथा**

देवी पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी, एक बार भगवान भोलेनाथ ने पार्वती जी को देखकर कुछ कह देते हैं। जिससे देवी के मन का आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वषों तक कठोर तपस्या करने पर जब पार्वती नहीं आती तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुँचते हैं वहां पहुंचे तो वहां पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के सामन श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। एक कथा अनुसार भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी जिससे इनका शरीर काला पड़ जाता है। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान इन्हें स्वीकार करते हैं और शिव जी इनके शरीर को गंगा-जल से धोते हैं तब देवी विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं तथा तभी से इनका नाम गौरी पड़ा। महागौरी जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है इसके जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गयी परंतु वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमज़ोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है, और माँ उसे अपना सवारी बना लेती हैं क्योंकि एक प्रकार से उसने भी तपस्या की थी। इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं।

देवी महागौरी का ध्यान, स्रोत पाठ और कवच का पाठ करने से 'सोमचक्र' जाग्रत होता है जिससे संकट से मुक्ति मिलती है और धन, सम्पत्ति और श्री की वृध्दि होती है। इनका वाहन वृषभ है।

**दुर्भाग्य नाशक उपाय**

महागौरी के स्वरूप को दूध से भरी कटोरी में विराजित कर चांदी का सिक्का चढ़ाएं। फिर सिक्के को धोकर हमेशा अपनी जेब में रखें इससे धन संबंधित संमस्या में कमी आएगी।

पानी वाले नारियल को सिर से 11 बार घुमाकर बहते हुए जल में प्रवाहित करने से मनचाही इच्छाएं पूरी होंगी।

पीपल के ग्यारह पत्ते लें। उन पर राम नाम लिखें पत्तों की माला बनाकर हनुमानजी को पहना दें। इससे सभी प्रकार की परेशानियां दूर होती हैं।

किसी एक खाली या शांत कमरे में उत्तर की दिशा की ओर अपना मुंह करके पीले आसन पर बैठ जाएं। अपने सामने तेल के 9 दीपक जलाएं और ये साधनाकाल तक जलते रहने चाहिए। इन 9 दीपकों के सामने लाल चावल की एक ढेरी बनाकर उस पर एक श्रीयंत्र रख लें। इस श्रीयंत्र का कुंकुम, फूल, धूप, तथा दीप से पूजन करें। इस पूरी क्रिया के बाद एक प्लेट पर स्वस्तिक बनाकर उसका पूजन करें। अब इस श्रीयंत्र को अपने घर के पूजा स्थल में स्थापित कर दें तथा शेष सामग्री को नदी में प्रवाहित कर दें। इस प्रयोग से आपको जल्दी ही अचानक धन लाभ होगा।

दुर्गाष्टमी हवन के साथ मंत्र को पढ़ते हुए 108 बार अग्नि में घी से आहुतियां दें। इससे यह मंत्र सिद्ध हो जाएगा। इसके बाद रोजाना नित्य सुबह उठकर पूजा के समय इस मंत्र का 21 बार जप अवश्य करें। यदि संभव हो तो अपने परिवारजन से भी इस मंत्र का जप करने के लिए कहें। इससे जीवन भर परिवार में मधुर संबंध बने रहेंगे।


यदि आपका विवाह न हो रहा हो या आपके परिवार में किसी का विवाह विलम्ब से हो रहा हो या आपके वैवाहिक जीवन में तनाव है तो यह उपाय बहुत लाभदाय होगा। यह उपाय किसी भी शुक्ल पक्ष की अष्टमी को या नवरात्र की अष्टमी को रात्रि 10 बजे से 12 बजे के बीच में शरु करना चाहिए और नियमित 43 दिन तक करें। अपने सोने वाले कमरे में एक चौकी बिछा तांबे का पात्र रख उसमें जल भर दें। पात्र के अंदर आठ लौंग, आठ हल्दी, आठ साबुत सुपारी, आठ छुआरे, इन सारे सामान को डाल दें। आम के पांच पत्ते दबा कर जटा वाला नारियल पात्र के ऊपर रख दें। वहीं आसन बिछा कर घी का दीपक जलाएं, श्रद्धापूर्वक धूप-दीप अक्षत पुष्प और नैवेद्य अर्पित करने के उपरांत पांच माला माँ गौरी के मंत्र ? ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे। ? महागौरी देव्यै नमः की और एक माला शनि पत्नी नाम स्तुति की करें और रात्रि भूमि शयन करें। प्रातः काल मौन रहते हुए यह सारी सामग्री किसी जलाशय या बहते हुए पानी में प्रवाह कर दें। वैवाहिक समस्याओं का निवारण हो जाएगा। भक्तों द्वारा महागौरी की उपासना करने से सभी अभीष्ट की प्राप्ति होती है। **जय जय जय माता दी।**

**संजीव ठाकुर, संकलनकर्ता,**
**यह निजी विचार है।**

# श्रीराम के प्रकृति–प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा

**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

**हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों के रामनवमी बहुत ही शुभ दिन होता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ था। धार्मिक मत है कि सभी प्रकार के मांगलिक कार्य इस दिन बिना मुहूर्त विचार किये भी संपन्न किए जा सकते हैं। रामनवमी पर पारिवारिक सुख–शांति और समृद्धि के लिए व्रत भी रखा जाता है। भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। साथ ही साधक भगवान श्रीराम की कृपा के भागी बनते हैं। पर्यावरण की विकराल होती समस्या के संदर्भ में भगवान श्रीराम का प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संदेश इस समस्या के समाधान का एक बड़ा माध्यम बन सकता है, ऐसा हुआ तो हमारा रामनवमी मनाना सार्थक होगा।**



श्रीराम के  चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा।

आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बृद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है। वरन इसका पाठ पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर किया जाता है।

रामचरित मानस में पर्यावरण के संदर्भ में वर्णन करते हुए कहा है कि उस समय पर्यावरण प्रदूषण कोई समस्या नहीं थी। पृथ्वी के अधिकांश भू-भाग पर वन-क्षेत्र होता था। शिक्षा के केन्द्र आबादी से दूर ऋषि-मुनियों के वनों में स्थित आश्रम हुआ करते थे। प्रकृति की गोद में स्थित इन केन्द्रों से ही हमारी सभ्यता का प्रचार एवं प्रसार हुआ। यहाँ का वातावरण अत्यन्त स्वच्छ एवं निर्मल था। समाज में ऋषि-मुनियों का बड़ा सम्मान था। प्रतापी राजा-महाराजा भी इन ऋषि-मुनियों के सम्मुख नतमस्तक होने में अपना सौभाग्य समझते थे।

यदि हम रामराज्य के अभिलाषी हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी की अवधारणा के अनुरूप शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही होगा। ऐसा कोई भी कार्य हमें प्रत्येक दशा में बन्द करना होगा जो वायु एवं जल को प्रदूषित करता हो चाहे उससे कितना भी भौतिक लाभ मिलता हो। पर्यावरण प्रदूषण का मूल कारण है हमारी भौतिक लिप्सा। धरती मानव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सक्षम है। हम यह भी नहीं सोच पा रहे हैं कि असीमित विदोहन जारी रहने से मानव की आने वाली सन्तति का भविष्य क्या होगा? रामराज्य में विदोहन की वृत्ति नहीं थी। रामचरित मानस में हम पाते हैं कि विभिन्न प्राकृतिक अवयवों को मात्र उपभोग की वस्तु नहीं माना गया है बल्कि सभी जीवों तथा वनस्पतियों से प्रेम का सम्बन्ध स्थापित किया गया है। प्रकृति के अवयवों का उपभोग निषिद्व न होकर आवश्यकतानुसार कृतज्ञतापूर्वक उपभोग की संस्कृति प्रतिपादित की गयी है जैसे कि वृक्ष से फल तोड़कर खाना तो उचित है, लेकिन वृक्ष को काटना अपराध है। रामराज्य धरती पर अनायास स्थापित नहीं किया जा सकता है इसके लिए प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है।

रामचरितमानस में प्रकृति में उपलब्ध औषधीय तत्त्वों का भी प्रतीकात्मक रूप से बहुत ही सुन्दर वर्णन किया हैं। इस संदर्भ में कुछ दृष्टान्त अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं जिनमें सर्वाधित चर्चित दृष्टान्त-युद्ध के समय लक्ष्मणजी के मूर्छित होने पर लंका से वैद्य सुसैन को बुलाया जाना और संजीवनी बूटी द्वारा लक्ष्मणजी का उपचार करना है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए सतत मानवीय प्रयास यानी समर्पण और परिश्रम आवश्यक है। जब व्यक्ति और पर्यावरण के मध्य संगम होता है तब प्रकृति का स्वरूप मानव के प्रति सकारात्मक होता है। जहाँ जहाँ श्रीराम ने निवास किया वहीं प्रकृति का सौन्दर्य की अद्भुत छटा विकीर्ण हो गई।

श्रीराम ने सिखाया कि उतार-चढ़ाव तो जीवन का अंग है। दुख किसने नहीं सहा और किसे नहीं होगा, पर यदि संकल्प मजबूत रहे और संकट काल में संयम बनाए रखें तो हम बड़े से बड़े तूफान, झंझावात का सामना कर सकते हैं। श्रीराम ने समता एवं संयम से जीने की सीख दी, पर हमने अनुकूलता-प्रतिकूलता के बीच संतुलन-धैर्य रखना भूल गये। श्रीराम ने अभय और मैत्री का सुरक्षा कवच पहनाया, हम प्रतिशोध और प्रतिस्पर्धा को ही राजमार्ग समझ बैठे। मेरा ईश्वर मैं ही हूं, मेरा राम मैं ही हूं-यह समझ तभी फलवान बन सकती है, जब व्यक्ति स्वयं श्रीराम को जीए और श्रीराम को जीने का तात्पर्य होगा- प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित करना एवं उसका सम्मान करना।

**यह निजी विचार है।**

# सीएमएचओ ने ली विकासखण्ड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक

रायगढ़, 15 अप्रैल (आरएनएस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी द्वारा सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा एवं जिला कार्यालय के आरोग्यम् सभा कक्ष में आज समस्त विकासखंडवार मितानिन समन्वयक व जिला मितानिन समन्वयक के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनीमिया मुक्त भारत, सिकल सेल जाँच, नियमित टीकाकरण, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, एनसीडी, सीएन.ए जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान दो महिला आर.एच.ओ पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सख्त कार्यवाही भी की गई। एनीमिया के लिये किशोर/ किशोरियों तथा गर्भवती महिला का जाँच, सिकल सेल में 20 वर्ष से 40 वर्ष तक के सभी महिलाओं की जाँच, हाई



रिस्क गर्भवती महिलाओं का शुरूआती 6 महीने तक पता करके एनीमिक होने पर उनके लिये प्रसव होते तक आयरन, सुक्रोज का डोज दिये जाने हेतु निर्देश दिया गया जिससे एनीमिया की कमी से होने वाले गर्भवती महिलाओं की मृत्यु को रोका जा सकें साथ ही उनका विशेष ध्यान देते हुए फालोअप कर एमसीएच अस्पताल/मेडिकल कालेज में रिफर किया जायें तथा टीकाकरण के लिये जन्मजात बच्चे से लेकर 16 साल तक के बच्चों का एक भी टीकाकरण न छूटे, ऐसे समस्त बच्चों का टीकाकरण सेशन के दौरान विशेष ध्यान से टीकाकरण पूर्ण करने हेतु बताया गया तथा व्हीएचएसएनडी सेशन को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहकर पूर्ण करें ऐसा न होने पर उनकी फोटो खींचकर खंड चिकित्सा अधिकारी के पास बताने का निर्देश दिए। सी.एच.ओ/आर.एच.ओ महिला को ब्रेस्ट कैंसर संभावित महिलाओ की जाँच वस्त्र हटाकर गाँठे, गुठलिया जाँच कर पहचान कर मरीज को उच्च संस्था में रिफर करने हेतु निर्देश दिए। शूगर व टी.बी मरीजों का अनिवार्य रूप से एचआईवी टेस्ट करें। सी.एच.ओ/आर.एच.ओ को फील्ड में आर.सी.एच रजिस्टर के साथ सर्वे करने हेतु व एण्ट्री करने के निर्देश दिए।

## मतदान दलों की रवानगी तथा सामग्री वितरण से संबंधित नोडल अधिकारियों की कलेक्टर ने ली आवश्यक बैठक

दंतेवाड़ा । जिला कार्यालय के डंकनी सभा कक्ष में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा मतदान दलों की रवानगी तथा सामग्री वितरण से संबंधित नोडल अधिकारियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। बैठक में 16 अप्रैल को रेंडमाइजेशन, मतदान दल सूचना प्रसारण, परिचय पत्र वितरण, अतिरिक्त मतदान दल की व्यवस्था, के साथ ही सामग्री वितरण हेतु बैठक व्यवस्था, टेबल अनुसार ड्यूटी आदेश, ईवीएम लाने ले जाने के लिए प्रबंध, सामग्री प्राप्ति उपरांत मतदान कर्मियों को वाहन तक पहुंचाने, मतदान केन्द्र में ईवीएम खराब होने की स्थिति में ईवीएम बदलने, सामग्री वापसी की दौरान सेक्टर अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियों से आवश्यक प्रपत्रों को प्राप्त करने, टेबुलेशन प्रभारी को उपलब्ध कराने, रूट चार्ट अनुसार वाहन प्रभारी एवं पथ प्रदर्शक के ड्यूटी आदेश के संबंध में विस्तारपूर्वक कलेक्टर को जानकारी दिया गया।

## जले में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस

**कोरबा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के उपस्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कोरबा जिले के सभी विकासखण्डों से मास्टर ट्रेनर्स मितानिन एस.एच.जी.मेम्बर्स सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) इंडिया के स्टेट हेड श्री दिलीप सरवटे द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने का उद्देश्य सम्मान जनक मातृत्व देखभाल के दौरान मौखिक और शारीरिक दुर्वव्हार और भेदभाव से सुरक्षा शामिल है। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर इसे बेहतर बनाया जा सकता है। बालिकाओं की गर्भावस्था में मृत्यु को कम करने एवं गरिमामय मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत व गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग और सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रसूती विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य सिसोदिया ने महिला केंद्रित गरिमामय स्वास्थ्य देखभाल पर जानकारी देते हुए दुर्व्यवहार की श्रेणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं इसे कम करने के लिए व्यवहार में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

## रामनवमी पर्व 17 को, महावीर जयंती पर्व 21 को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी

रायपुर, 15 अप्रैल (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी । इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने -अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

## एमडी अबिनाश मिश्रा ने ली रायपुर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

रायपुर, 15 अप्रैल (आरएनएस)। नगर निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु अधिकारियों व कार्य एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा है कि नियमित मॉनिटरिंग कर जून से पहले सभी प्रोजेक्ट पूरे करे । श्री मिश्रा ने अंडरग्राउंड केबलिंग ,24ङ्ग7 परियोजना,शास्त्री बाजार,मटन मार्केट,महाराजबंध, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी,शहर में समुचित स्ट्रीट लाइट सहित अन्य प्रोजेक्ट की जानकारी लेकर समय सीमा पर निर्माण पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा है कि तय समय सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और आम नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित करें । इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल,महाप्रबंधक (ई. एंड टी.)श्री पी.के.पंचायती,उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा,उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, अमित मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी,श्रीमती नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने महापुरुषों और दिवंगत राजनेताओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लिया आशीर्वाद

दुर्ग, 15 अप्रैल (आरएनएस)। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू सोमवार सुबह अपने निवास से निकले और चंडी मंदिर और सत्ती चौरा मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद राजेंद्र साहू ने महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राजेंद्र साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, शहीद वीर नारायण सिंह, हेमू कालाणी, ठाकुर प्यारेलाल, मिनीमाता, स्व मोतीलाल वोरा, स्व ताराचंद साहू, स्व वासुदेव चंद्राकर, इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वररैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दिवंगत राजनेताओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण के समय उनके परिवारिक, समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं जिले के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित हुए।

## सांय सांय पूरी हो रही मोदी की गारंटी - विष्णुदेव साय

दुर्ग, 15 अप्रैल (आरएनएस)। लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन बाद भाजपा ने रैली निकालकर 400 पार मोदी सरकार बनाने हुंकार भरी। मानस भवन में आयोजित सभा में नेताओं ने कार्यकर्ताओ में ऊर्जा का संचार किये। हाथों में बीजेपी ध्वज लिए हजारों कार्यकर्ताओ ने जय जय श्रीराम के नारे लगाकर मुख्यमंत्री, प्रत्याशी सहित सभी नेताओं का अभिवादन कर दुर्ग में घर घर कमल खिलाने आश्वासत किये। विधायक गजेंद्र यादव ने हेलीपेड में स्वागत कर सभास्थल से लेकर रैली तक मुख्यमंत्री की अगुवाई किये। भाजयुमो ने विशाल बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वागत किये।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा की डबल इंजन की सरकार में सांय सांय पूरी पूरी हो रही मोदी की गारंटी और इससे बौखलाई कांग्रेस हो रही आंय बांय। भारी संख्या में कांग्रेसीयों का भाजपा में शामिल होना बता रहा है की कांग्रेस डूबती नईया है। इस बार चुनाव में देश के नाम भाजपा को वोट देकर कांग्रेस को शून्य पर लाना है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रत्याशी विजय बघेल ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा की दुर्ग लोकसभा में विकास की निरंतरता को बनाये रखने घर घर कमल खिलाना है, मोदी जी और विजय बघेल की लहर चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को पूरा किया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। धारा 370 हो, महिलाओं के लिए आरक्षण हो या राम मंदिर का निर्माण या फिर छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन और 3100? में धान खरीदी का वादा भाजपा का हर संकल्प, मोदी की गारंटी है।

# भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे डॉ. अम्बेडकर: महापौर का कथन

कोरबा, 15 अप्रैल (आरएनएस)। डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर बाबा साहेब लोकप्रिय, भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित एवं बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे।

उक्त कथन महापौर राजकिशोर प्रसाद ने डॉ. अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कही। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने विधि, अर्थशास्त्र और



राजनीति विज्ञान के शोध कार्य में ख्याति प्राप्त की। जीवन के प्रारम्भिक कैरियर में वह अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत की। बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में बीता। 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। 1990 में, मरणोपरांत उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री यू.आर. महिलांगे ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जीवन सामाजिक चिंतन पर आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्र होते ही पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री का पद संभाला था। उन्होंने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर पूरी शक्ति से जीवन भर सामाजिक उत्थान व विकास के लिए कार्य करते रहे। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने कहा कि वे हर समाज के प्रेरक थे। उनका दर्शन सामाजिक चिंतन पर ही आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए संघर्ष के पथ में उन्होंने अपने प्राणों की आहूति भी दी। सेवादल प्रमुख प्रदीप पुरायणे, रवि खुंटे, ए.डी जोशी, गणेश राम खुंटे, धना दास महिलांगे, किशन मिरी, रामगोपाल यादव, पंचराम निराला, विजय आनंद, पुष्पा पात्रे, रामचन्द्र, सरोज बघेल ने भी संबोधित किया। इन्होने बताया कि डॉ साहब जहां भी सम्मेलनों व सभाओं को सम्बोधित करते जय भीम के ऊंचे नारों से गगन (आसमान) गूंज उठता था। जिला कांग्रेस कार्यालय के बाद ओपन थियेटर पहुंचकर वहां स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया और जय भीम के नारे लगाये गये।

## मकान और दुकान मालिक के बिना सहमति के विज्ञापनों पर एफआईआर करने का है प्रावधान

पुलिस आरक्षक भर्ती की फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगॉव, 15 अप्रैल (आरएनएस)। पुलिस आरक्षक भर्ती में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रूपयों की ठगी करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने पहले की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था वहीं मुख्य आरोपी फरार चल रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव कंवर थाना गातापार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई निवासी संतोष कुमार धुर्वे पिता स्व. बिसौहा राम धुर्वे उम्र 47 वर्ष ने दिनांक 25 जनवरी 2024 को थाना कोतवाली में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वर्ष 2017-18 में निकले पुलिस आरक्षक भर्ती में इसके पुत्र रूपेश धुर्वे एवं गांव के चंद्रपाल नेताम को पुलिस आरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर झांसा देकर अफजल हुसैन खान निवासी




पुराना बस स्टैण्ड राजनांदगांव, पियुष वडेरा चिखली राजनांदगांव तथा अमित सिंह निवासी भिलाई जिला दुर्ग ने दिनांक 12.05.2018 से 23.01.2024 के मध्य अलग-अलग तिथियों में महावीर चौक राजनांदगांव एवं रायपुर शहर में बुलाकर इसके पुत्र रूपेश के नाम पर 3,25000 रूपये एवं चंद्रपाल नेताम से 2 लाख रूपये कुल 5,025000 रूपये लिया तथा पुलिस आरक्षक के पद पर चयन होने का फर्जी नियुक्ति पत्र एवं पुलिस वर्दी कपड़ा देकर धोखाधड़ी किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव में धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि.के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। मामले में पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे विवेचना कर आरापियों में से दिनांक 26.01.2024 को पियुष वडेरा तथा अमित सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका था। वहीं मामले में मुख्य आरोपी अफ्जल हुसैन पिता मस्ताक हुसैन फरार था। जिसे पुलिस ने सोमवार 15 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। मामले का मुख्य आरोपी अफ्जल हुसैन पिता मस्ताक हुसैन एक आदतन अपराधी हैं, जिसके खिलाफपूर्व में थाना बसंतपुर के धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि. का

## 6 किलो से अधिक गांजा के साथ दो पकड़ाये

**गरियाबंद ।** जिला पुलिस ने नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को 6 किलोग्राम से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है तथा उनके खिलाफ नारकोटिक्स एक्स के तहत कार्यवाही की है। बता दें कि जिला गरियाबंद क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गांजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा नशे के विरूद्ध पुलिस की एक विशेष अभियान नया सवेरा योजनान्तर्गत नशीली पदार्थो/अवैध गांजा तस्करो पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा- निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में थाना छुरा के उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, व अन्य स्टाफ को लेकर धर पकड़ की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से गांजा परिवहन करने जगत राम मिरधा पिता मनराखन मिरधा उम्र 37 वर्ष साकिन गिधनीपानी थाना धरमाबांधा जिला नुआपांड़ा उड़िसा एवं मुकेश निषाद पिता धनीराम जीवी निषाद उम्र 20 वर्ष साकिन हरदी थाना छुरा जिला गरियाबंद के खिलाफथाना छुरा में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

## निगम के बालको जोन के मतदाताओं ने लिया अनिवार्य मतदान का संकल्प

कोरबा, 15 अप्रैल (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज नगर पालिक निगम केरबा द्वारा बालको जोनांतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की दिशा में जागरूक किया गया। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई तथा अपील की कि वे अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करें तथा अन्य मतदाताओं को इस हेतु जागरूक करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिला, पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नाटक, रैली, नारा लेखन निबंध, भाषण, पोस्टर तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम केरबा के बालको जोनांतर्गत मतदाता रैली का आयोजन किया गया, विभिन्न बस्तियों व रहवासी क्षेत्रों से रैली निकालकर मिनीमाता स्कूल के समीप रैली का समापन हुआ, जहॉं पर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता एम.एल.बरेठ, राजस्व अधिकारी के.एस.क्षत्री सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वच्छता दीदियों तथा उपस्थित नागरिकों से अपर आयुक्त श्री मिश्रा ने अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों तथा आसपास के मतदाताओं को उनके मताधिकार का उपयोग करने तथा मतदान के दिन अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक करें।

## होम वोटिंग के लिए नियुक्त 33 मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद, 15 अप्रैल (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराया जाएगा। जिले में होम वोटिंग 18 अप्रैल को होगी। यदि इस दिन संबंधित मतदाता घर में नहीं मिला तो मतदान दल दूसरी बार 20 अप्रैल को पुनः मतदाता के घर जाएंगे। यदि उस दिन भी मतदाता घर में नहीं मिला तो इसके मतदाता को बाद अवसर नहीं दिया जाएगा। इसके लिए जिले में कुल 226 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए कुल 33 मतदान दलों की नियुक्ति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा किया गया है। इन मतदान दलों में सेक्टर अधिकारी, दो मतदान अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर तथा सुरक्षा कर्मी रहेंगे। आज इन सभी मतदान अधिकारियों को वन प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण दिया गया।

जिला मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। तत्पश्चात मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगायी जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा। फिर मतदाता को मतपत्र प्रदान किया जाएगा जिसमें मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी को पेन से सही अथवा क्रास का निशान लगाकर मतदान करेगा और मतपत्र को नियमानुसार मोड़कर लिफाफा 13 बी में डालेगा और गोंद से चिपका लिया जाएगा। मतदान करते समय इसकी गोपनीयता का ध्यान रखा जाना जरूरी है।

## सीएमएस विद्यालय का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

महासमुंद, 15 अप्रैल (आरएनएस)। शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद का स्थानीय परीक्षा परिणाम आज सोमवार को घोषित हुआ। घोषणा के अनुसार कक्षा 9वी का परीक्षा परिणाम 56.6 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान चांदनी यादव 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लोकेश्वरी साहू 94 प्रतिशत, तृतीय स्थान जागृति निर्मलकर का 83 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वी ब का परीक्षा परिणाम 63.63 रहा, जिसमें प्रथम स्थान योगेश साहू ने 90.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान तुलसी तारक ने 90.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान थानेश्वरी बांधे ने 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 9वी ए और बी दोनों के परीक्षा परिणाम को मिलाकर प्रथम स्थान चांदनी यादव, द्वितीय स्थान लोकेश्वरी साहू, तृतीय स्थान योगेश साहू का रहा। कक्षा 11वी के तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम के तहत प्रथम स्थान ललिता निषाद विज्ञान संकाय की 87.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान शैलेंद्र साहू वाणिज्य संकाय का 87 प्रतिशत, तृतीय स्थान दिनेश कुमार सिन्हा कला संकाय का 86.4 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 11वीं कला का परिणाम 85.29 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम स्थान दिनेश कुमार सिन्हा ने 86.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान साक्षी सबर ने 85.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अंजली यादव ने 74.4 प्रतिशत अंक हासिल किया। 11वीं वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 88.80 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम स्थान शैलेंद्र साहू ने 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लता जलक्षत्री ने 77 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान मोना साहू ने 69.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान ललिता निषाद 87.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान ममता निषाद 85.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान नागेश्वर साहू का 84.5 प्रतिशत अंक रहा। परीक्षा परिणाम घोषित करने के पूर्व परीक्षा प्रभारी स्थानीय प्रीति यादव ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही अनुत्तीर्ण या पूरक आने पर निराश न होकर पुनः अच्छे से पढ़ाई करने की बात कही।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# शिद्दत से याद किये गये बाबा साहब अम्बेडकर

## 133 वीं जयंती पर हुआ नगर में आयोजन





**जांजगीर-चाम्पा ।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल के संयोजकत्व एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य, विधायक व्यास कश्यप एवं अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में नगर के डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की गयी । इस अवसर पर डॉ. महंत ने कहा कि मजदूरों, महिलाओं और समाज के वंचित व कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके द्वारा बनाये गये संविधान और देश में स्थापित लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है । ऐसे विघटनकारी विचारधारा से सतर्क रहने की आवश्यकता है । बाबा साहब द्वारा बताये गये रास्ते आज भी युवाओं के लिए किसी रोशनी के चिराग से कम नहीं है । विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि अन्याय, असमानता, छूआछूत, शोषण और ऊंच-नीच के खिलाफ जीवन पर्यन्त जिन्होंने संघर्ष किया तथा सबके लिए सामाजिक न्याय की आवाज बुलंद करने वाले ऐसे देश के संविधान के शिल्पकार थे बाबा साहब । कार्यक्रम संयोजक भगवानदास गढ़ेवाल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर प्रजातांत्रिक संसदीय प्रणाली के समर्थक थे, उनकी मान्यता थी कि आर्थिक विकास व पूंजी अर्जन के लिए गौतम बुद्ध द्वारा प्रतिपादित नैतिक और मानवीय मूल्यों पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए । उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को देश की विचारधारा में जोड़ने का बेजोड़ कार्य किया । इस दौरान प्रमुख रूप से इंकानेता गुलजार सिंह, दिनेश शर्मा, इब्राहिम मेमन, लोचन साव, रमेश पैगवार, विवेक सिसोदिया, रफीक सिद्दिकी, प्रिंस शर्मा, सभापति रामविलास राठौर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा राजू शर्मा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पप्पू शर्मा, आभाष बोस, शिशिर द्विवेदी, हरदेव टंडन, अजीत सिंह राणा, पार्षदगण विष्णु यादव, रामकुमार यादव, प्रीतम कश्यप, संतोष गढ़ेवाल, दुलौरिन चैरसिया, भगवंतीन यादव, परमेश्वर निर्मले, दिनेश महंत, अनिल चैरसिया, शेषनाथ टंडन, दीपक राज आसना, श्रीमती हेमलता राठौर, साधेश्वर गबेल, पंचराम यादव, सुश्री मनोरमा पाटेकर, संतोषी राठौर, रेखा लदेर, शशी हंसेलिया, लोकेश राठौर, चून्नू थवाईत, राजा सिद्दिकी, जय सिंह राठौर, अतिक कुरैशी, सफीक मोहम्मद, रफीक खान, पप्पू खान, भोलू यादव, प्रदीप यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

## मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी मदिरा दुकाने

**जांजगीर-चांपा /** छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण के मतदान तिथि 07 मई 2024 (मंगलवार) को जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से अर्थात 05 मई 2024 को सायं 06 बजे से 07 मई 2024 तक सम्पूर्ण दिवस के लिए तथा मतगणना तिथि 04 जून 2024 (मंगलवार) को जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोखरा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पिसौद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सरखो एवं मद्यभाण्डागार जांजगीर को संपूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## आज 2 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन एवं 11 अभ्यर्थियों ने लिया नामांकन पत्र

**जांजगीर-चांपा /** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन में आज कुल 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया और 2 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज श्री आलोक कुमार सोनवानी राष्ट्रीय हिन्द एकता दल, श्रीमती मीना चौहान निर्दलीय, श्री जगजीवन राम सतनामी आजाद जनता पार्टी, श्री अनिल मनहर हमर राज पार्टी, श्री मनहरण लाल भारद्वाज गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, श्री आनंद राम गिलहरे स्वतंत्र पार्टी, श्री कौशल जांगड़े राष्ट्रवादी भारत पार्टी, श्री गोपाल प्रसाद खुंटे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, श्रीमती बिन्दा चौहान छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, श्री दिनेश कुमार बंजारे निर्दलीय, श्री नंद कुमार लहरे सर्व आदि दल ने नाम निर्देशन पत्र लिया। इसके साथ ही आज तिहारू राम निराला निर्दलीय ने 02, श्रीमती विद्या देवी सुन्दर समाज पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

## खास खबर...

### मतदान का बहिष्कार अपवाहः एसडीएम

**रायपुर (ए.)।** पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम रीवाडीह में मतदान बहिष्कार संबधित खबरों को जिला प्रशासन से बड़ी गंभीरता से लिया है। इस विषय की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए पलारी एसडीएम श्यामा पटेल,जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक, तहसीलदार देवेंद्र नेताम,पलारी थाना प्रभारी, खनिज अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर ग्राम रीवाडीह पहुंचे। टीम ने ग्राम पंचायत में स्थानीय नागरिक,जनप्रतिनिधियो के साथ बैठक कर इस संबध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सरपंच साहू ने बताया कि गांव में नया रेत घाट स्वीकृत हुआ है। इससे गांव के लोगों में आपसी मन मुटाव है पर इस पुरी बातो में लोकसभा चुनाव में मतदान की बहिष्कार जैसी कोई बात नही है ये महज एक अफवाह हैं। ऐसा कोई हमारे गांव में मीटिंग नहीं हुई है। कुछ व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ के लिए बरगला रहा है, ताकि अपना रोटी शेक सकें। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्र में पूरी तैयारी कर ली गई है,ताकि शांतिपूर्वक मतदान हो सके। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी रोहित नायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहिष्कार की ऐसी कोई सूचना नहीं है, वह गलत है। चुनाव संबंधित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लाइट पानी अन्य संबंधित व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत सचिव से कह दिया गया है, ताकि सुचारू ढंग से चुनाव संपन्न हो। बैठक में एसडीएम श्यामा पटेल ने ग्रामीणों के बातो से संतुष्ट होते हुए सभी से अधिक से अधिक संख्या में मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की हैं।

### अप्रैल महीने में सम्पत्ति कर पटाने पर सवा छह प्रतिशत की छूट

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा नए वित्त वर्ष के लिए सम्पत्ति कर जमा करना आज से प्रारम्भ कर दिया गया है। सम्पत्ति कर ऑनलाइन के साथ जोनों में जाकर ऑफलाइन भी जमा किया जा सकता है। निगम के उपायुक्त राजस्व आर के डोंगरे ने बताया कि कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर पिछले सत्र में सम्पत्ति कर जमा होने के उपरांत सिस्टम को अपडेट किया जा रहा। सिस्टम अपडेट होने के बाद आज से सम्पत्ति कर जमा करने का काम प्रारम्भ कर दिया गया है। अप्रैल माह के अंत तक सम्पत्ति जमा करने पर करदाताओं को सवा छह प्रतिशत का छूट दिया जाएगा।

### रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम पहुंची सेमीफाइनल

**रायपुर (ए.)।** रायपुर के सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम



के तहत 14 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं श्रम विभाग के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 187 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और सेमी फाइनल में जगह बनाई। श्रम विभाग की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 120 रन ही बना सकी जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी के बल्लेबाज श्रवण कुमार ने 105 रन की बेहतरीन पारी खेली जिन्हें आज के मैच में मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। यह मैच कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप ने खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर में भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए गरीबों-वंचितों के हित में काम कर रही भाजपा : बृजमोहन

## अंबेडकर जयंती पर बृजमोहन अग्रवाल ने देशवासियों को दी बधाई

## अंबेडकर जयंती पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

**रायपुर (ए.)। भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया और उन्होंने हमेशा ही समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर कहीं।**



राजधानी के कचहरी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उन्होंने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की सभी को हार्दिक बधाई दी। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताया था। उन्होंने कहा था कि, शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार है जिससे आप अपनी गरीबी और पिछड़ेपन को मिटा सकते हैं। आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार उनके आदर्शों पर चलते हुए कार्य कर रही है। देश भर एकलव्य स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय समेत सैकड़ों शिक्षा के नए संस्थान खोले जा रहे है। इतना ही नहीं पिछले 10 साल के मोदी कार्यकाल के दौरान एम्स आईआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे उच्च शिक्षण संस्थान में भी बढ़ोतरी हुई है। केंद्र और राज्य भाजपा सरकार की अनेकों योजनाएं गरीबों, महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है जिनका फायदा समाज के लोग उठा रहे हैं और उनके जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है।

बृजमोहन अग्रवाल ने लोगों से आह्वान किया कि, आइए हम सब बाबा साहेब के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लें और एक ऐसे भारत का निर्माण करने का संकल्प लें जो बाबा साहेब के सपनों का भारत हो। जहां सभी को समान अधिकार और कार्य करने के अवसर प्राप्त ही। कार्यक्रम में संयोजक सुनील बांद्रे, संजय राजघाटे, कमलेश रामटेक, राहुल रामटेक, मकरंद, रवि गोलकर, भोजराज, नरेश गायकवाड, अनूप खेलकर, शशांक डाबरे, राजकुमार रामटेक, मदनलाल समेत समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती समारोह मनाई

नवा रायपुर अटल नगर में रविवार को शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती समारोह मनाई गई। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उपस्थित अधिकारियों ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। अटल नगर नवा रायपुर में इंद्रावती भवन के समीप अम्बेडकर चौक में आयोजित कार्यक्रम में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे, सदस्य रेरा धनंजय देवांगन, विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर, अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव, औद्योगिक न्यायालय के जज एस एल मात्रे, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष सत्येन्द्र देवांगन, सोजलीफ कोफाउंडर अनिल बनज, विद्युत मंडल के अभियंता राजकुमार सोनकर, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम सागर कोसले, संतोष कुमार वर्मा व शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष देवलाल भारती आदि अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया।

संचालक, कोष लेखा और पेंशन महादेव कावड़े ने कहा कि हम जिस मुकाम और जगह पर आज हैं वह सब बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की वजह से हैं। भारत का संविधान, प्रावधान और बाबा साहेब के विचार को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

सदस्य रेरा धनंजय देवांगन ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के कार्यो, संघर्ष, उपलब्धि और संविधान के बारे में सबको जानकारी है। हम उनके आदर्शों को अपनाने की बात करते हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कहा था मेरे बाद करोड़ो भीमराव अम्बेडकर होना चाहिए। लेकिन आज तक उनके आदर्शों और व्यक्तित्व तक नहीं पहुँच पाएं हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहना चाहिए।

विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक समाजशास्त्री, मानवशास्त्री, अर्थशास्त्री, इतिहास और राजनीति सभी क्षेत्रों का ज्ञान था। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था एवं 32 डिग्रियां प्राप्त की। सबसे बड़ा पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान है और हमारे मुक्तिदाता डॉ भीमराव अम्बेडकर हैं।

अपर संचालक, जनसंपर्क विभाग आलोक देव ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती आज केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के 25 देशों में मनाया जा रहा है। आज के इस दिन को यूनेस्को ने शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और दुनिया के 25 देशों में इस दिन को शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाबा साहब का छत्तीसगढ़ से बहुत प्यारा नाता रहा है। 12 दिसम्बर 1945 को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का पहली बार छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। बाबा साहब का प्रभाव छत्तीसगढ़ में उनके आने से पहले से था। बाबा साहब दलित शोषित का उत्थान कैसे किया जाए इस बारे में वह निरन्तर प्रयास करते रहते थे। बाबा साहब का प्रभाव उस रूप में आजादी से पहले से था। एस.एल.मात्रे, जज, औद्योगिक कोर्ट ने कहा कि बाबा साहब संविधान के पितामह है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया।

## हनुमान चालीसा महापाठ के लिए निकली शोभायात्रा

**रायपुर (ए.)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान चालीसा महापाठ और पंडित विजय शंकर मेहता का व्याख्यान रामनवमीं पर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मैदान, बूढ़ापारा में रखा गया है। महापाठ के प्रचार प्रसार के लिए 15 अप्रैल को एक भव्य शोभायात्रा बूढ़ेश्वर मंदिर चौक से निकाली गई।

हनुमान महापाठ समिति के रायपुर शहर के संयोजक विजय अग्रवाल समेत शिवनारायण मूंधड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह, योगी अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी अमित डोये व शोभायात्रा प्रभारी दिलीप गंगवानी ने बताया कि इस यात्रा में हनुमान जी की मूर्ति के साथ एक सुसज्जित रथ के साथ एक निश्चित ड्रेस कोड में हनुमान भक्त दोपहिया वाहनों में केसरिया धर्म ध्वजा धारण किए भक्त पूरे रास्ते हनुमान जी का जयकारा लगाते रहे। शोभायात्रा बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मन्दिर से होते हुए पुरानी बस्ती पुलिस थाना, कंकाली तालाब, तात्यापारा चौक, जवाहर नगर, रामसागर पारा होते हुए राठौड़ चौक के हनुमान मंदिर में विसर्जित




हुई। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा आरती उतारकर, पुष्प वर्षा कर और हनुमान भक्तों के लिए ठंडे पेयजल, मिठाई की व्यवस्था की गई। रामनवमीं पर 17 अप्रैल को प्रतिवर्षानुसार समिति द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मैदान, बूढ़ापारा में सामूहिक हनुमान चालीसा महापाठ ठीक सात बजे होगा। इसके पश्चात प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजय शंकर मेहता का श्री हनुमान जी की आठ छलांगों का महत्व बताते हुए उस पर अनूठा व्याख्यान होगा।

## अग्निशमन सेवा दिवसः सड़क पर उतरे फायर फाइटर्स

### आग लगने के कारणों से बचाव के संदेश भी दिए



**रायपुर (ए.)।** अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में रविवार को फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की रैली निकाली गई। इस अवसर पर डीआईजी एलपी वर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में नया रायपुर और उरला में अग्निशमन स्टेशनों की स्थापना होगी।

ज्ञात हो कि 14 अप्रैल को हर वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है, इस अवसर पर आज रायपुर के टिकरापारा थाने से जागरूकता मार्च कार्यक्रम का आगाज किया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने टिकरापारा थाने से अग्निशमन गाड़ियों को शहर के लिए रवाना किया और आमजनता को आग लगने के कारणों से बचाव के संदेश भी दिए गए।

ज्ञात हो कि 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर फोर्टस्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था, जिसमें रूई की गांठें, विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे, उसमें अकस्मात भयानक आग लग गयी थी। मुम्बई के अग्नि शमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे। आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण भयानक विस्फोट हुआ और इस आगजनी में आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है।

## 5 दिन के अंदर ट्रेचिंग ग्राउंड को साफ करने दिया अल्टीमेटम

**रायपुर (ए.)।** शहर के कचरा रखने की पुरानी जगह सरोना ट्रेचिंग ग्राउंड के 24 एकड़ में से 5 एकड़ जिसकी सफाई नहीं हो पाई थी उसे रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने 5 दिन के भीतर सफाई करने का निर्देश दिए। सफाई नहीं करने पर उन्होंने कार्रवाई करने का भी अल्टीमेटम भी दिया।



दरअसल सरोना ट्रैचिंग ग्राउंड में निगम की मालिकाना हक की 24 एकड़ की जमीन है। इसी जगह पर शहर भर के कचरे को डाला जा रहा था। संकरी में नया ट्रैंचिग ग्राउंड बनने के बाद इस जगह पर कचरा एकत्रित करना बंद कर दिया गया। इसी के साथ ही इस जगह पर खाद बन चुके कचरे को अलग करने की कार्रवाई शुरू की गई। इस प्रक्रिया में 24 में से 19 एकड़ क्षेत्र को कचरा मुक्त कर दिया गए। करीब 5 एकड़ क्षेत्र विभिन्न प्रकार के कचरों से अब भी भरें पड़ें हैं। इनमें ठोस अपशिष्ट भी शामिल हैं।

निगम के जोन क्रमांक 8 के आयुक्त अरुण ध्रुव ने बताया कि निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने गत दिनों भी इस जगह का निरीक्षण कर खाद में तब्दील हो चुके मिट्टी और खाद में तब्दील हो चुके कचरे को यहां से हटाने के निर्देश दिए थे।

आज वे फिर वहां पहुचे और अधिकारियों को वहां के खाद को हटाकर उस जगह को 5 दिनों के भीतर पर्यवारण के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। उनके साथ निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे, स्वस्थ भारत अभियान के कार्यपालन अभियंता द्वय रघुमणि प्रधान, योगेश कडू तथा जोन क्रमांक 8 के जोन आयुक्त अरुण ध्रुव तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## मनाया संत कंवर राम साहेब का 137वां जन्म दिवस

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संत कंवर राम साहेब का 137वां जन्मदिवस मनाया गया। पूर्व पार्षद कविता शिव ग्वालानी और रवि ग्वालानी के टैगोर नगर निवास स्थान में सच्चो सतराम महिला मंडल ने और अनुयायी महिलाओं ने धूमधाम से कंवर साहेब का 137वां जन्मदिवस 137 दीप प्रज्वलित करके मनाया।

दो साल से कोरोना के प्रकोप के चलते अमर शहीद संत कंवर राम साहेब का जन्मदिन धूमधाम से नहीं मनाया जा सका था। इस साल बहुत ही धूमधाम से बलिदानी की जयंती मनाई गई। महिलाओं ने उनके बताए मार्ग पर चलते समाज सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कविता ग्वालानी, डा. उमा रोहरा ग्वालानी, सुनीता गवलानी और शुभा ग्वालानी ने बताया की उनकी संत्संगी महिलाएं संत के परोपकार के बताए हुये मार्ग पर चलती हैं और मानव सेवा के अनेक कार्य करती हैं। कार्यक्रम में निर्मला जोधवानी, राजकुमारी खेतपाल, देयी हबलानी, रेखा मखीजा, सीता खूबचंदानी आदि उपस्थित रहे।

# एक अनूठी और अभिनव संकल्पना सीमाहीन स्वीप कार्यक्रम

## दो जिलों महाराष्ट्र के गोंदिया जिले और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने स्वीप के लिए की ऐतिहासिक पहल



राजनांदगांव। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने एक अनूठी पहल करते हुए अंतर्राज्यीय स्वीप कार्यक्रम की योजना बनाने के उपलक्ष्य में हाथ मिलाये और पहली बार ऐसा वक्त रहा जब दो राज्यों के जिलों ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को नये आयाम प्रदान किए हैं। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रवासी मजदूरों को मतदान करने के लिए जागरूक करने का था। अंतर्राज्यीय स्तर पर दो जिलों ने आपसी समझ एवं समन्वय से पलायन करने वाले श्रमिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने एक इबारत लिखी है। इसके साथ ही नये मतदाताओं या ऐसे मतदाता जो किसी कारण से मतदान करने में वंचित हो गये हो, उन्हें लक्षित करते हुए मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें एमएमएस करने के साथ ही मतदान करने के लिए फोन के माध्यम से सूचना दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सु सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सघन अभियान चलाये जा रहे हैं।

यह कार्यक्रम डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत बागनदी पुल पर आयोजित किया गया और दोनों जिले के मतदाता अपने-अपने जिले से रैली के रूप में निकले और बागनदी पुल पर एकत्रित हुए। मिलने पर उन्होंने एक दूसरे को गुलाब के फूल भेंट कर स्वागत किया और साथ-साथ रैली के रूप में मंच तक पहुंचे। मंच पर उपस्थित अधिकारियों ने मतदाताओं को हिंदी, छत्तीसगढ़ी एवं मराठी में सम्बोधित किया। इसके बाद प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ मराठी में भी मतदाता शपथ दिलाई गई। आम तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में कम मतदान होता है और मतदाताओं, विशेषकर प्रवासी मतदाताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं, इसलिए राज्य में पहली बार दोनों जिलों ने अंतर्राज्यीय स्वीप कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, जिला पंचायत सीईओ गोंदिया, परियोजना अधिकारी साक्षरता मती रश्मि सिंह, जनपद सीईओ डोंगरगढ़ सु दिव्या ठाकुर, जनपद सीईओ छुरिया नारायण बंजारा, राजनांदगांव एवं गोंदिया जिले की स्वीप टीम सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# बालको जोन में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिला, पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नाटक, रैली, नारा लेखन निबंध, भाषण, पोस्टर तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की दिशा में जागरूक किया गया। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा अन्य मतदाताओं को इस हेतु जागरूक करने का आग्रह किया।

बालको जोन में आयोजित मतदाता रैली, विभिन्न बस्तियों व रहवासी क्षेत्रों से होते हुए मिनीमाता स्कूल के समीप समाप्त हुई। अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर निगम के उपायुक्त श्री बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर श्री एन.के.नाथ, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

दर्री जोन में मानव श्रृंखला का निर्माण कर आमजनों को किया गया जागरूक -

नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन अंतर्गत भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मानव श्रृंखला का निर्माण कर लोगों व आम मतदाताओं से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। इस दौरान जोन के सभी अधिकारी कर्मचारी तथा काफी संख्या में मतदाताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया।

# जिले के वरिष्ठजनों के घर - घर जाकर मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

## पीला चावल एवं नारियल भेंटकर वरिष्ठ मतदाताओं का किया गया सम्मान

गरियाबंद, 15 अप्रैल (आरएनएस)। लोक सभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत लोगो में मतदान के प्रति जागरूक करने एवं शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वीप के नोडल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में आज वृद्धजन मतदाताओ के घरों पर महिला समूहों के सदस्यों एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने डोर-टू डोर विजिट कर मतदान के प्रति जानगरूता लाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जिले के सभी ग्रामों में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान के तिथि से अवगत कराकर मतदान दिवस के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।आज जिले के ग्राम गायडबरी,सेन्दमुड़ा,रानीपरतेवा,मोंगरा,कोसमी,रूवाड़,फुलझर,पटपरपाली,मजरकट्टा,हरदी,चिखली,पिपरहट्टा,देवगांव,बोडर्राबांधा,परसदाखुर्द,खुड़ियाडीह, बोईरगांव सहित अन्य गांवो में मतदाता जागरूकता रैली, घर-घर जाकर मतदान की तिथी से अवगत कराया गया। साथ ही मतदान के लिए दिवारों पर स्टिकर्स का चस्पा किया गया।इसके अलावा विभिन्न गांवों में कलश यात्रा निकाली गई।मतदाता जाकरूकता के लिए मतदाता शपथ,क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही मतदान जागरूता के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वृद्धजनों के घर-घर जाकर पीले चावल का तिलक, नारियल भेंट कर 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।इसके साथ ही मतदाता जागरूकता रैली,मतदाता शपथ ग्रामजनों के साथ लिया गया।रैली में स्व सहायता समूह की महिला आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों द्वारा अपने हाथों में लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है,मतदान करना हम सबका फर्ज है आपका वोट आपकी ताकत,दोनो बने देश की ताकत सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्तियां लगाई गइ।ऐसे मतदान केन्द्र जहाँ विगत चुनावों के दौरान मतदान का प्रतिशत कम रहा विशेषकर उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि किये जाने हेतु रैली के साथ घर-घर जाकर स्व सहायता समूह की महिला, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया गया है।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला, युवा, किसान, मजदूर सभी का भला होगा-सुशील आनंद शुक्ला



रायपुर/15 अप्रैल (आरएनएस)। कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला, युवा, किसान, मजदूर सभी का भला होगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की न्याय गारंटी में देश के सभी वर्गों पर केंद्रित है। कांग्रेस हर महिला को 8333 रू. महिना देगी। कांग्रेस ने महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करने का वायदा किया है। जिससे हर महिला को 1 लाख रू. हर साल देने की गारंटी है। कांग्रेस का मानना है कि देश की उन्नति तभी संभव है जब आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाया जाये। इसलिये कांग्रेस ने मातृशक्ति को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने का बीड़ा उठाया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के यूपीए सरकार ने रोजगार को कानूनी अधिकार देने के लिये मनरेगा कानून बनाया था, तथा हर मजदूर को न्यूनतम 150 दिवस कार्य मजदूरी मिलने का कानूनी अधिकार दिया है। अबकी बार कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 रू. करने की गारंटी देती है। इससे देश के मजदूरों की आर्थिक बदहाली दूर होगी तथा उनके जीवन स्तर में परिवर्तन आयेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज देश का किसान अपने फसल की कीमत के लिये संघर्ष कर रहा। उसे अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिये आंदोलन करना पड़ रहा। मोदी सरकार ने किसानों का दमन किया। कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने संसद में कानून बनाएगी तथा स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को लागू करेगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज देश की बेरोजगारी दर सर्वोच्च स्तर पर है। कांग्रेस युवाओं को रोजगार देने के लिये युवाओं को 5 गारंटी देती है। कांग्रेस 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। साथ ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने हर जिले 5000 करोड़ का स्टार्टअप को बनायेगी। कांग्रेस का शुरू से मानना है कि देश का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब हर वर्ग के नागरिकों की आर्थिक समृद्धि के द्वार खोले जाये। इसीलिये कांग्रेस ने किसान न्याय गारंटी, युवा न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, श्रमिक न्याय गारंटी तथा हिस्सेदारी न्याय की गारंटी देने का निर्णय लिया है।

## निस्तारी तालाब की जगह अब मवेशियो के लिए डाबरी पानी टंकी के नीचे बनेगा स्टोर रूम

**भिलाई ।** निस्तारी तालाब को सहेजने और उसे दुषित होने से बचाने रिसाली निगम प्रयास कर रहा है। वार्ड 29 लक्ष्मी नगर के डबरी से मिट्टी निकाल सवारा जा रहा है। इसका उपयोग केवल मवेशियों के लिए किया जाएगा। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शीतला तालाब के बगल वर्षो पुराने डबरी को सवारा जा रहा है। मिट्टी निकलने का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोमवार को आयुक्त ने स्थल निरीक्षण कर डबरी से जलीय पौध को निकालने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि अगर डबरी की सफाई हो गई तो डेयरी संचालक अपने मवेशी को यही धोने का काम करेंगे।

# ओपन वर्ग मे रायपुर के शुभांकर बामलिया व गर्ल्स कैटेगरी में कोरबा की परी तिवारी विजेता

दुर्ग, 15 अप्रैल (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य अंडर 17 ओपन व गर्ल्स फीडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप का समापन भिलाई के सेक्टर 5 स्थित आंध्रा भवन में हुआ। राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के विशेष उपस्थिति में समापन समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी राजेश जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष प्रदीप दास ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुटे, मिनिगोल्फ के राष्ट्रीय चैंपियन इमरान,दुर्ग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत,प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सुबोध कुमार सिंह,स्पर्धा के मुख्य निर्णायक रॉकी देवांगन मंचासिन थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक जीवन में शतरंज का विशेष महत्व है। शतरंज खेलने से दिमाग के सोचने समझने की की क्षमता में वृद्धि होती है। राज्य सचिव हेमन्त खुटे ने अपने उदबोधन में कहा कि किसी भी खेल का अंतिम परिणाम जीत या हार होती है। हार-जीत भी हमारे जीवन का हिस्सा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप दास ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि शतरंज का खेल प्रदेश में तेजी से विकास कर रहा है । विगत कुछ वर्षों से लगातार खिलाड़ियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। हम अभी 3 महीने के भीतर 5 रेटिंग चेस चैंपियनशिप करने जा रहे है ताकि रेटिंग के लिए खिलाड़ियों को प्रदेश से बाहर जाना न पड़े। राज्य चयन स्पर्धा अंडर 17 ओपन व गर्ल्स कैटेगरी के परिणाम इस प्रकार है। बॉयज कैटेगरी में प्रथम शुभांकर बामलिया रायपुर,द्वितीय गगन साहू रायगढ़,तृतीय प्रभमन सिंह मल्होत्रा,चतुर्थ प्रशांत ध्रुवंशी बिलासपुर, गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम परी तिवारी कोरबा, द्वितीय राशि वरुणकर राजनांदगांव,तृतीय अदिति आदित्य रायपुर, चतुर्थ अंशिका मिंज रायपुर रही। बॉयज कैटेगरी में बेस्ट बस्तर का पुरस्कार रिआंश कुमार चटर्जी व गर्ल्स केटेगरी बेस्ट बस्तर गर्ल्स का पुरस्कार अलंक्रुता मोहराना को मिला। इसी तरह से बेस्ट सरगुजा बॉयज का अवॉर्ड यीजनांश गुप्ता को दिया गया। दुर्ग डिस्ट्रिक्ट अंडर-13 ओपन व गर्ल्स चेस टूर्नामेंट के विविध कैटेगरी के परिणाम इस प्रकार रहे- गर्ल्स कैटेगरी के अंडर 7 आयु समूह में इरा देशलहरा, अंडर 9 में प्रथम मनस्वी शर्मा, द्वितीय आश्रिया शर्मा। अंडर 11 में कोंडप्पा हर्षिता प्रथम, द्वितीय रिधिमा त्रिपाठी, अंडर 13 में प्रथम असमी मेहता प्रथम, द्वितीय चार्वी मंडले, तृतीय परिधि लिहारे। बालक केटेगरी के अंडर 7 आयु समूह में प्रथम आर्यन गोयल, द्वितीय अरहम जैन, तृतीय नमीश साहू। अंडर 9 में प्रथम वी विराट अय्यर, द्वितीय पलकश यदु, तृतीय आंकक्षित साहू। अंडर 11 में प्रथम रुद्रांश आमटे ,द्वितीय प्रांजल सिंह,तृतीय भार्गव साहू। अंडर 13 में प्रथम आदित्य राज द्विवेदी,द्वितीय आर्यन कुमार,तृतीय एकागढ़ वर्मा।

# लग्जरी कार में घूमने वाले भाजपा नेता आज फिर चाय कि चुनावी केटली पकड़कर गरीब होने का ढोंग कर रहें-कांग्रेस

रायपुर/ 15 अप्रैल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार कि 10 साल की नाकामी ने एक बार और लग्जरी कार में घूमने वाले भाजपा नेताओ को चाय की चुनावी केटली पकड़ने मजबूर कर दिया। भाजपा नेताओं के इस बहरूपिया चरित्र को देश की जनता समझ गई है। जनता 2014 में भाजपा नेताओं के साथ चाय पीने का कर्ज अब तक चूका रही हैं. उसके एवज में हर आवश्यक वस्तु में जीएसटी दे रही हैं। पेट्रोल डीजल रसोई गैस के महंगे दामों से प्रताड़ित है। खाद्य सामग्री, स्टेशनरी, दवाईयां की दो गुना तीन गुना क़ीमत दे रही हैं. देश बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और 205 लाख करोड़ के कर्ज से जख्मी हो गया हैं. और इस जख्म की दवा अब भाजपा सरकार के पास नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जो भाजपा नेता आज चाय की चुनावी केटली पकडे नजर आ रहे हैं. इन्होंने ही सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश में ठेला खोमचा, रेहड़ी वाला, सड़क किनारे पसरा लगाने वालों पर बुलडोजर चलवाया था. रोजी-रोटी छीनकर उनके परिवार को तंगहाली में ढकेला था।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जनता आज चाय पर नहीं काम पर चर्चा करना चाहती है बीते 10 साल में मोदी सरकार ने जनता से कितने वादे को पूरा किया. लेकिन भाजपा नेताओं के पास इसका कोई जवाब नहीं है 10 साल से जनता सिर्फ जुमला सुन रही है मन की बात सुन रही है, लेकिन काम की बात आज तक कभी भाजपा नेताओं के मुंह से निकला नहीं है।

# सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया अवलोकन

## मतदान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश 16 अप्रैल को जारी रहेगा डाक मतपत्र से मतदान

**राजनांदगांव ।** सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने जिला मुख्यालय के गुरूनानक स्कूल राजनांदगांव में आयोजित लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे द्वितीय चरण के प्रशिक्षण एवं डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित थे। जिले में 4 स्थानों पर मतदान अधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और निर्वाचन दायित्व में शामिल मतदान अधिकारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र भी बनाया गया है। जिले में डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ है। प्रशिक्षण केन्द्र ठाकुर प्यारे लाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, गुरूनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल राजनांदगांव, सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव एवं महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में 12, 13 एवं 15 अप्रैल 2024 को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया गया तथा 16 अप्रैल 2024 सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इसी तरह 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान कराना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है इसे सावधानीपूर्वक करना है। मतदान कार्य को एक टीम वर्क के साथ संपन्न कराना है। सभी को एक-दूसरे की मदद करना है। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों का व्हाट्सअप ग्रुप बनाने कहा, जिसके माध्यम से सूचनाओं को आदान-प्रदान सुगमता से होगी। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के निर्धारित प्रपत्रों को सावधानी से भरने कहा। उन्होंने कहा कि ईव्हीएम, वीवीपैट को अच्छी तरह से कनेक्ट करना जरूरी है। मतदान से संबंधित सभी प्रक्रिया के दौरान पोलिंग एजेंट की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने कहा।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर




गरियाबंद, 15 अप्रैल (आरएनएस)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई इस अवसर पर नगर के शिशु वाटिका में संघ एवम विश्व हिंदु परिषद के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुये अम्बेडकर जी के छाया चित्र पर दिप प्रजलवन एवम पुष्प चढ़ा कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उपस्थित नागरिकों ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।बाबा साहब ने भारत के संविधान निर्माण में एक पिता की भूमिका निभाई। वे हमेशा शोषितों के लिए लड़ते रहे और जातिवाद को चुनौती देते रहे- प्रकाश निर्मलकार विश्व हिंदू परिषद के ज़िला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर कहा कि हम जिस मुकाम और जगह पर आज हैं वह सब बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की वजह से हैं।भारत का संविधान,प्रावधान और बाबा साहेब के विचार को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान में स्वतंत्रता, समानता और भाई-चारे के प्रावधान भारत देश के हरेक व्यक्ति के लिए किया है। बाबा साहब का प्रभाव छत्तीसगढ़ में उनके आने से पहले से था। बाबा साहब दलित शोषित का उत्थान कैसे किया जाए इस बारे में वह निरन्तर प्रयास करते रहते थे।- समाज सेवी सत्यप्रकाश मानिकपुरी समाज सेवी सत्यप्रकाश मानिकपुरी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के कार्यो,संघर्ष,उपलब्धि और संविधान के बारे में सबको जानकारी है। हम उनके आदर्शों को अपनाने की बात करते हैं।डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कहा था मेरे बाद करोड़ो भीमराव अम्बेडकर होना चाहिए।लेकिन आज तक उनके आदर्शों और व्यक्तित्व तक नहीं पहुँच पाएं हैं।शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहना चाहिए।हमारा पूरा संविधान डॉ भीमराव अम्बेडकर ने ड्राफ्ट किया।बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक समाजशास्त्री,मानवशास्त्री,अर्थशास्त्री, इतिहास और राजनीति सभी क्षेत्रों का ज्ञान था।उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था एवं 32 डिग्रियां प्राप्त की। सबसे बड़ा पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान है और हमारे मुक्तिदाता डॉ भीमराव अम्बेडकर हैं।उनका संघर्ष और जो उन्होंने अभाव में जीवन यापन किया उससे बड़ा संघर्ष और कुछ नहीं हो सकता।उन्होंने जो त्याग किया, उससे बड़ा त्याग कोई नहीं कर सकता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सत्य प्रकाश मानिकपुरी रूपेंद्र साहू एवं सनत जैन नयापारा उपस्थित रहे।रूपेंद्र साहू ने डॉक्टर अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही प्रकाश निर्मलकर विहिप जिला अध्यक्ष गरियाबंद ने अपने जिले के सभी कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा की डॉक्टर अंबेडकर पूरे मानव समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक हैं उनके बताए हुए मार्ग पर चलना डॉक्टर अंबेडकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि देना होगी।

# नामांकन के बहाने कांग्रेस-भाजपा ने दिखाई अपनी ताकत

## कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू व भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी भरा नामांकन

**दुर्ग।** दुर्ग लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया को अब मात्र 4 दिन शेष रह गए है। फ्लस्वरुप प्रत्याशी नामांकन दाखिले के लिए उत्साह दिखा रहे है। जिससे कलेक्ट्रेट में राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की सक्रियता तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन सोमवार को नामांकन के बहाने कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी ने अपनी ताकत दिखाई। जहां कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, महापौर निर्मल कोसरे, अधिवक्ता आशीष तिवारी,कांग्रेस नेता अनिल ताम्रकार, पार्षद,ऋषभ जैन (बाबू) की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया गया। वहीं भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा,भिलाई भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा नेता दीपक ताराचंद साहू,विजय साहू, अधिवक्ता सौरभ चौबे की उपस्थिति में नामांकन जमा किया। दोनो ही प्रत्याशियों द्वारा जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन दाखिल के उपरांत कांग्रेस ने पुरानी गंजमंडी गंजपारा और भाजपा ने पंडित रविशंकर स्टेडियम के पास स्थित मानस भवन परिसर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में जोरदार चुनावी माहौल तैयार किया। भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होने मोदी की गारंटी व राज्य के भाजपा सरकार की सुशासन की उपलब्धि गिनवाते हुए केन्द्र में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आव्हान किया। सम्मेलन में डिप्टी सीएम अरुण साव, केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, प्रत्याशी विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव,ललित चंद्राकर,डोमनलाल कोर्सेवाड़ा,साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, लाभचंद बाफना,कांतिलाल बोथरा,अरविंदर सिंह खुराना, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, विनायक नातू, राजेन्द्र पाध्ये, अनूप गटागट,राजा महोबिया के अलावा दुर्ग लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी 9 विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसी प्रकार कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में पुरानी गंजमंडी गंजपारा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हुंकार भरी। उन्होने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में झूठ के अलावा कुछ नहीं कहा है। राज्य की भाजपा सरकार की व्यवस्था बिगड़ गई है। अब जनता सब कुछ समझ गई है। अब वह भाजपा के वादे से गुमराह होनेवाली नहीं है। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रत्याशी राजेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे,पूर्व विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, निर्मल कोसरे, पूर्व महापौर आरएन वर्मा के अलावा 9 विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे।

